निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, रविवार 22 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 302 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



सरहुल के अवसर पर परिवार के सदस्यों के साथ पूजा-अर्चना करते सीएम हेमंत सोरेन

## झारखंड में धूमधाम से मनाया जा रहा सरहुल, रांची में सीएम ने की पूजा-अर्चना

# प्रकृति से बड़ी पूजा और कुछ नहीं : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल पूरे झारखंड में हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही विभिन्न सरना स्थलों पर पूजा-पाठ और अनुष्ठानों का दौर जारी है। राजधानी रांची के जेल मोड़ स्थित आदिवासी छात्रावास और सिरमटोली सरना स्थल पर भी विशेष आयोजन किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और मेयर रोशनी खलखो उपस्थित रहीं। सभी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार जल, जंगल और जमीन के महत्व को समझने और उनके संरक्षण की प्रेरणा देता है। प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलना ही सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की कुंजी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



जिस प्रकार हमारे पूर्वजों ने हमें सरहुल महोत्सव जैसी समृद्ध परंपराओं के निर्वाह की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर दिया है, हम आने वाले समय में अपनी पीढ़ी के कंधों पर इन परंपराओं के निर्वहन का जिम्मा सौंपेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति से बड़ी पूजा और कुछ नहीं है। प्रकृति में ही सभी चीजों का सृजन और विलय होता है। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को सरहुल और ईद की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं विधायक कल्पना सोरेन ने सरहुल को प्रकृति से जुड़ा पवित्र पर्व बताते हुए इसकी सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज इस पर्व को हर वर्ष पूरे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाता है, जो उनकी प्रकृति के प्रति गहरी आस्था को दर्शाता है। सरहुल के अवसर पर पूरे राज्य में उत्सव का माहौल है। लोग पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य और संगीत के साथ इस प्रकृति पर्व को उत्साहपूर्वक मना रहे हैं। सरहुल को झारखंड के जनजाति प्रकृति का महापर्व के रूप में मना रहे हैं। पूरी आस्था और उमंग के साथ मनाया जा रहा यह पर्व जनजातियों के लिए खास है। इस मौके पर सखुआ (साल) के फूलों को खास तौर पर लोग सिर पर लगाते हैं। इस दौरान सरना स्थल (जनजातियों का पूजा स्थल) पर पाहन यानी पुजारी द्वारा साल के वृक्ष की पूजा की जाती है और सखुआ फूल चढ़ाए जाते हैं। पूजा के दौरान पाहन दो घड़ों में पवित्र जल और सखुआ की टहनियों से आगामी मानसून और वर्षा का पूर्वानुमान लगाने की परंपरा है।

## वज्रपात से दो सगी बहनों समेत तीन महिलाओं की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड में बेमौसम बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने ने तीन लोगों की जान ले ली। दो अलग-अलग घटनाओं ने तीन परिवारों को मातम में डाल दिया। पहली घटना सिंघानी गांव के बन्दरचुवां इलाके में हुई जहां वज्रपात की चपेट में आने से शमा परवीन की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना मेराल पंचायत के जेहरा गांव में घटी जहां संजय भुइयां की दो पत्नियों पूनम देवी और कल्याणी देवी (जो सगी बहनें थीं) की बिजली गिरने से मौत हो गई। इन हादसों में तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हुई है। तीनों शवों को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। झारखंड में मानसून सीजन के दौरान वज्रपात की घटनाएं आम हैं लेकिन इस बार एक ही दिन में तीन महिलाओं की मौत ने स्थानीय लोगों को झकझोर दिया है। प्रशासन ने लोगों से खुले में न रहने और सुरक्षित जगह पर रहने की अपील की है।

## युवक का शव बरामद

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** सरिया थाना क्षेत्र के नावाडीह में शनिवार को 19 वर्षीय युवक का शव घर के पीछे स्थित कुएं से बरामद किया गया। मृतक की पहचान जमुआ थाना क्षेत्र के जगरनाथडीह मिर्ज़ागंज निवासी कृष कुमार पासवान के रूप में हुई है। कृष कुमार 19 मार्च को अपने ननिहाल नावाडीह में रोहित पासवान के घर पूजा में शामिल होने आया था। उसी दिन शाम करीब 8 बजे से वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था।

### संक्षिप्त समाचार

## बिजली पोल से गिरकर मिस्त्री की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तुकबेरा गांव निवासी एक बिजली मिस्त्री की शुक्रवार रात दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय नागेंद्र पासवान के रूप में हुई है। बताया गया कि शुक्रवार शाम आई तेज आंधी और बारिश के कारण 33 हजार वोल्ट की बिजली लाइन में फॉल्ट आ गया था, जिससे तुकबेरा-पाटन इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। इस खराबी को दूर करने के लिए नागेंद्र पासवान को पाटन मोड़ के पास भेजा गया था।

## तीन दिनों से लापता अधेड़ का शव मिला

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में तीन दिन से लापता 52 वर्षीय व्यक्ति का शव शनिवार को एक खदान से बरामद किया गया। मृतक की पहचान रामचंद्र सोनार के रूप में हुई है। मृतक के भाई संतोष सोनी ने बताया कि रामचंद्र गुरुवार शाम से घर से लापता थे। परिजनों ने उनकी लगातार खोजबीन की और नवलशाही थाना में गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई थी।

## तेज रफ्तार बस ने ली महिला की जान

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह में सड़क हादसे में 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई जबकि उसका बेटा घायल हो गया। मृतका की पहचान पहाड़ीडीह निवासी शेरुन निशा के रूप में हुई है। बताया गया कि हादसा उस समय हुआ जब मां-बेटा ईद की खरीदारी के लिए बाइक से गिरिडीह बाजार जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एसएसटी बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

## इलाज के लिए जा रहे बच्चे की दुर्घटना में मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** एक बच्ची को इलाज के लिए गिरिडीह जिले के घोड़थम्बा से कोडरमा के सदर अस्पताल लाया जा रहा था। इसी दौरान एंबुलेंस कोडरमा के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में उस बच्ची की मौत हो गई, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक घोड़थम्बा निवासी विनोद पांडेय अपनी अपनी डेढ़ वर्षीय भतीजी आयुषी कुमारी के इलाज के लिए आज शनिवार सुबह अपने रिश्तेदार प्रमिला देवी व महेश पांडेय के साथ एंबुलेंस पर सवार होकर कोडरमा सदर अस्पताल जा रहे थे तभी दुर्घटना में उसकी मौत हो गयी।

## सबको जोड़ने का काम करती है ईद : सुबोधकांत सहाय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में ईद का त्योहार बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरे शहर में आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने लोगों को ईद की बधाई देते कहा कि ईद खुशी और आपसी प्रेम का त्योहार है। नमाज के बाद लोगों ने देश, दुनिया और झारखंड की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरों पर मुस्कुराहट इस बात का प्रमाण है कि



यह त्योहार सबको जोड़ने का काम करता है। झारखंड की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने भी लोगों को ईद की बधाई देते हुए कहा कि रांची समेत पूरे राज्य में लोग सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें एक-दूसरे के करीब लाने का अवसर देता है और समाज में प्रेम और एकता को मजबूत करता है। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि इस बार ईद और सरहुल जैसे दो महत्वपूर्ण त्योहार एक ही दिन मनाए जा रहे हैं। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यही हमारी संस्कृति और परंपरा है, जहां अलग-अलग धर्म और समुदाय मिलकर त्योहार मनाते हैं। रांची के हरमू ईदगाह में अंजुमन के सचिव डॉ तारिक हुसैन की देखरेख में ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि सभी के सहयोग से तय समय पर नमाज पूरी की गई और कहीं भी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। ईद के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर लगाए गए थे। इन शिविरों में लोगों को शरबत, पानी और फल वितरित किए गए। डोरंडा क्षेत्र में विशेष रूप से सेवई बांटी गई। इस दौरान कांग्रेस नेता आलोक दुबे और जेएससीए अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जमशेदपुर में मिला 227 किग्रा का जिंदा बम, एरिया सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा प्रखंड में सुवर्णरेखा नदी किनारे काफी पुराने विस्फोटक के मिलने से हड़कंप मच गया है। रांची से पहुंची बम निरोधक टीम ने प्रारंभिक जांच में इसे एक शक्तिशाली जिंदा बम होने की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि यह एएन-एम 64 500 बी अमेरिकन मेड श्रेणी का बम हो सकता है जिसका वजन करीब 227 किलो है और यह बेहद घातक स्थिति में है। बम निरोधक दस्ते के प्रभारी नंदकिशोर सिंह ने बताया कि यह बम आकार में काफी बड़ा और खतरनाक है। इसे सामान्य तरीके से नष्ट करना संभव नहीं है। इसे निष्क्रिय करने के लिए उच्च स्तरीय तकनीक की जरूरत है, जो केवल सेना के पास उपलब्ध है। मालूम हो कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने बम मिलने वाले क्षेत्र को पूरी तरह सील कर दिया है। इलाके में अलर्ट, लोगों के जाने पर पाबंदी स्थानीय प्रशासन ने आसपास के ग्रामीणों को सख्त निर्देश दिया है कि वे नदी किनारे उस स्थान पर न जाएं और किसी भीतरह की छेड़छाड़ से बचें। बावजूद घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और दूर से इस बम को देखने की कोशिश करते रहे। नदी किनारे बालू-मिट्टी के भीतर दबा यह बम मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पहले इसे साधारण लोहे की वस्तु समझा जा रहा था। विशेषज्ञों के अनुसार, यह विस्फोटक गिरा तो था, लेकिन फटा नहीं, वह वर्षों बाद भी सक्रिय रह सकता है और कभी भी विस्फोट कर सकता है।

## अमेरिका-इजरायल के खिलाफ मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** ईरान के साथ चल रहे अमेरिका-इजरायल युद्ध को अमेरिका की दादागिरी करार देते हुए रांची अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉ तारिक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हरमू रोड में ईद की नमाज के बाद प्रदर्शन किया। हाथों में ईरान के समर्थन और अमेरिका-इजरायल के विरोध में तख्तियां लिए मुसलमानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिडिल ईस्ट युद्ध पर भारत का स्टैंड साफ करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉ। तारिक ने कहा कि ईरान हमेशा से भारत का मित्र देश रहा है। आज भी जब जरूरत पड़ी तो उसने होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते सिर्फ भारत के जहाज को जाने दिया। ऐसे में उनकी मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को




अपना स्टैंड साफ करना चाहिए। अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉ तारिक ने कहा कि राजधानी रांची में ईद की नमाज के दौरान बेहतर व्यवस्था के लिए वह जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हैं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने राज्यवासियों को ईद और सरहुल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यही भारत की खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि हमसब मिलकर सभी त्योहार मनाएं। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि 30 दिन के रोजे के बाद हर किसी के चेहरे पर खुशियां हैं। हम एक साथ ईद, सरहुल और चैती नवरात्र मना रहे हैं, यही हमारी खूबसूरती है और यह गंगा-जमुनी तहजीब बरकरार रहे यही हमारी कामना है।

## नई बुलेट प्रूफ गाड़ियों पर सियासत, नेता प्रतिपक्ष का सीएम को खुला पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजनीति में एक बार फिर सरकारी संसाधनों के उपयोग को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खुला पत्र लिखकर बुलेट प्रूफ वाहनों की खरीद और उपयोग पर गंभीर आपत्ति जताई है। बाबूलाल मरांडी ने अपने पत्र में कहा है कि गृह विभाग द्वारा वर्ष 2024 के अंतिम महीने में मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों के आवागमन के लिए 17 बुलेट प्रूफ फॉर्च्यूनर गाड़ियां खरीदी गई थीं। लेकिन इनमें से अधिकांश वाहनों का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन 17 गाड़ियों में से 3 मुख्यमंत्री के उपयोग के लिए, 2 राजभवन के लिए और शेष 12



हेडक्वार्टर रैपिड टीम के लिए रखी गई हैं। बाबूलाल मरांडी के अनुसार हेडक्वार्टर रैपिड टीम के लिए रखी गई गाड़ियों में से केवल 3-4 का ही इस्तेमाल होता है जबकि बाकी वाहन बेकार पड़े हैं। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में यह भी कहा कि लंबे समय तक उपयोग नहीं होने से वाहन खराब हो जाते हैं जिससे सरकारी धन की बर्बादी होती है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वाहनों का उपयोग ही नहीं होना था तो इतनी बड़ी खरीदारी क्यों की गई। बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्रियों को दी गई गाड़ियों की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कई पूर्व मुख्यमंत्रियों को 10-12 साल पुरानी और लगभग 2 लाख किलोमीटर चल चुकी बुलेट प्रूफ गाड़ियां दी गई हैं, जो अक्सर खराब हो जाती हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें आवंटित वाहन भी जर्जर स्थिति में है और बार-बार खराब होते रहता है। खुला पत्र के माध्यम से मरांडी ने सुझाव दिया कि जो नई बुलेट प्रूफ गाड़ियां उपयोग में नहीं हैं, उन्हें मुख्य सचिव, डीजीपी, गृह सचिव और कैबिनेट सचिव को आवंटित कर दिया जाए ताकि उनका नियमित उपयोग हो सके और वे खराब होने से बचें।

# झारखंड में अकीदत से अदा की गई ईद की नमाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के अलग-अलग जिलों में ईद की नमाज अदा की गई। रांची के डोरंडा ईदगाह में ईद के मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने एक साथ नमाज अदा की। सुबह से ही ईदगाह में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी और नमाज़ के दौरान पूरा माहौल भाईचारा और उत्साह से भरा नजर आया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। डोरंडा थाना की थानेदार दीपिका प्रसाद मौके पर मौजूद रहीं और पूरे कार्यक्रम की निगरानी करती दिखीं। पुलिस बल भी तैनात रहा ताकि नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरे इलाके में आपसी सौहार्द और खुशी का माहौल देखने को मिला। प्रशासन की मुस्तैदी और लोगों के सहयोग से ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। वहीं



गोड्डा में ईद उल फितर के मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने लोगों से मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी। उन्होंने जिलेवासियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद का त्यौहार मनाने की अपील की। ईद उल फितर के मौके पर जिले के विभिन्न मस्जिदों, ईदगाहों और चौक-चौराहों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम का निरीक्षण किया गया। रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल उपलब्ध कराया गया है। शहर में जिला पुलिस के साथ आईआरबी, जैप, होमगार्ड और केंद्रीय बलों को मिलाकर लगभग 5000 जवान तैनात किए गए हैं। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष रूप से फोर्स की तैनाती की गई है और थाना प्रभारियों को लगातार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। धनबाद के रेलवे ग्राउंड में भी हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया। उलेमाओं ने अपने संबोधन में शांति, सौहार्द और इंसानियत को बढ़ावा देने पर जोर दिया। ईद से पहले चांद रात के मौके पर बाजारों में देर रात तक रौनक बनी रही। शहर के प्रमुख बाजारों से लेकर गली-मोहल्लों तक खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। लोग सेवई, लच्छा, कपड़े, इत्र, टोपी और जूते-चप्पलों की खरीदारी करते नजर आए। अस्थायी दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ रही। घरों में महिलाओं ने सुबह से ही पारंपरिक पकवान बनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला, जिससे पूरे माहौल में त्योहार की खुशबू घुली रही।



# धूमधाम से मना प्रखंड स्तरीय प्रकृति पर्व सरहुल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** प्रखंड स्तरीय प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव का भव्य आयोजन शनिवार को केरेडारी कृषि फार्म मैदान में हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस महोत्सव में प्रखंड के सभी पंचायतों से आदिवासी, सरना समिति, खरवार एवं भोगता समाज के लोगों का भारी जुटान हुआ। पूरे क्षेत्र में सरहुल को लेकर श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक रंगत देखने को मिली।



कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि झारखंड में प्रकृति पर्व सरहुल 21 मार्च 2026 को पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। यह पर्व विशेष रूप से मुंडा, उरांव और हो सहित विभिन्न आदिवासी समुदायों द्वारा वसंत ऋतु के आगमन तथा साल (सखुआ) के पेड़ों में नए फूल खिलने की खुशी में मनाया जाता है। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार, सरहुल के अवसर पर पाहन (आदिवासी पुजारी) द्वारा घड़े के पानी के स्तर को देखकर इस वर्ष अच्छी बारिश और भरपूर फसल होने की भविष्यवाणी की गई। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न गांवों से भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जो केरेडारी कृषि फार्म मैदान पहुंचकर एक विशाल सांस्कृतिक समागम में बदल गईं। महोत्सव में शामिल लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे नजर आए। मांदर की थाप, लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों ने पूरे माहौल को जीवंत और आकर्षक बना दिया। सरना स्थलों पर साल (सखुआ) वृक्ष की विशेष पूजा की गई, जिसे धरती माता और सूर्य देव के विवाह के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है। सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आदिवासी समुदायों के नए साल की शुरूआत का प्रतीक है। यह पर्व जल, जंगल और जमीन के प्रति आदिवासी समाज की गहरी आस्था और प्रकृति के प्रति आभार को दर्शाता है। यह महोत्सव मनुष्य और प्रकृति के अटूट संबंध का जीवंत संदेश देता है। इस महोत्सव में सलगा, नीरी, मनातू, लाजिदाग, फुसरी, जोरदाग, लोहरा, मसूरिया, बरवाटांड़, सिरमा, नवाखाप, पगार समेत प्रखंड के सभी गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष लालबिहारी गंझू, सचिव द्वारिका गंझू, कोषाध्यक्ष लालजीत गंझू, शनिचर गंझू, रूपन गंझू, अक्षय कुमार गंझू, देवानंद भोगता, महेंद्र भोगता, पंसस चरमी देवी और राजेंद्र भोगता समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सरहुल महोत्सव ने एक बार फिर यह साबित किया कि आदिवासी संस्कृति, परंपरा और प्रकृति के प्रति सम्मान आज भी समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

## ईद-उल-फितर पर सामाजिक सौहार्द का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर स्थानीय निवासी गुलाममुस्तफा तरजन के आवास पर एक भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बलराम यादव, इरफान अली, सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार सागर, वार्ड संख्या 25 के प्रत्याशी प्रतिनिधि अफगान उर्फ बबलू, राजू सेल्को, शास्त्री कुमार मिश्रा तथा पत्रकार राजवीर सहित अन्य लोग शामिल हुए सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं मेजबान गुलाममुस्तफा तरजन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# ईद के मौके पर भंडारीडीह में होगा भव्य ईदी नगमा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ईद के शुभ अवसर पर भंडारीडीह में एकता और भाईचारे का अनूठा संदेश देने के लिए एकता कल्चरल फाउंडेशन द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ‟ईदी नगमा" का आयोजन किया जा रहा है। यह फाउंडेशन का 41वां कार्यक्रम होगा, जिसे लेकर मौजूद रहे फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक हकीम अंसारी ने सभी गिरिडीहवासियों और संगीत प्रेमियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया अध्यक्ष बबलू सानू ने कहा कि संस्था आने वाले समय में गिरिडीह ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में अपने



संस्था के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी।फाउंडेशन के अध्यक्ष बबलू सानू ने बताया कि इस खास मौके पर शाम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें कोलकाता से अलाउंसर संजय मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ मनोरंजन का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द का संदेश भी देगा प्रेस वार्ता के दौरान चेयरमैन राजेश सिन्हा, महासचिव पंकज शर्मा, सचिव कासिम खान, कोषाध्यक्ष तैयब बाबू, मैनेजर ताहिर इमाम, संदीप अग्रवाल, नवाजिश, रिनटु, मुन्ना, कादिर, शेखू सहित कई सदस्य संगठन का विस्तार करेगी। वहीं सचिव संजू खान और महासचिव पंकज शर्मा ने विश्वास जताया कि एक दिन फाउंडेशन की पहचान पूरे भारत में बनेगी चेयरमैन राजेश सिन्हा ने लोगों से अपील की कि वे फाउंडेशन से जुड़कर स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि ईद के इस पावन अवसर पर भंडारीडीह में आयोजित यह कार्यक्रम आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश देगा। फाउंडेशन की पूरी टीम ने सभी लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए कहा कि आज की शाम को भाईचारे के नाम समर्पित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भंडारीडीह पंचायत में 7 से 15 अप्रैल तक महायज्ञ, भूमि पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

**गिरिडीह (नबिटासं)।** बेगाबाद प्रखंड के बघारा पिंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडारीडीह पंचायत में आगामी 07 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले भव्य महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में आज भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत पूरे पंचायत में भव्य भ्रमण जुलूस निकाला गया और यज्ञ स्थल पर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की गई।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जुलूस का स्वागत किया और यज्ञ को लेकर अपनी आस्था प्रकट की इस अवसर पर सरयू गोप ने कहा कि पूरे पंचायत में भक्तों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे यह प्रतीत होता है कि यह महायज्ञ ऐतिहासिक होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यज्ञ को सफल बनाने की अपील की आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।भंडारीडीह पंचायत में आयोजित यह महायज्ञ क्षेत्र के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र बनता नजर आ रहा है।



### ओवरलोडेड वाहनों पर प्रशासन की सख्ती, 5 वाहन जब्त

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जिला प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जीटी रोड, डुमरी के पास ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया अभियान के दौरान भारी मालवाहक वाहनों ट्रक, ट्रेलर और डंपर की गहन जांच की गई। जांच में कुल 5 वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल लेकर चलते पाए गए, जिन्हें तुरंत जब्त कर लिया गया। इनमें से 2 वाहनों को निमियाघाट थाना में सीज किया गया, जबकि 3 वाहनों से करीब 78 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि ओवरलोडिंग सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है और इससे सड़कों व पुल-पुलियों को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने वाहन चालकों और मालिकों से नियमों का पालन करने की अपील की इस अभियान में पुलिस विभाग की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिससे कार्रवाई प्रभावी ढंग से पूरी की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि यातायात व्यवस्था मजबूत हो और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।



### ईद के मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद को दी गई बधाई

**गिरिडीह (नबिटासं)।** ईद के पावन अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद को विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस क्रम में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, पार्टी के महासचिव चंद्रशेखर सिंह तथा लगटा बाबा



कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. कमल नयन सिंह ने सांसद डॉ. सरफराज अहमद से मुलाकात कर उन्हें ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दी इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। नेताओं ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जो समाज में सद्भाव को मजबूत करता है।साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों को भी ईद की बधाई देते हुए सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# रामनवमी संरक्षण समिति ने सरहुल की झांकियों का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ।** प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर हजारीबाग में आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। रामनवमी संरक्षण समिति ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सरहुल जुलूस में शामिल विभिन्न अखाड़ों की झांकियों का भव्य स्वागत किया। झंडा चौक के समीप समिति द्वारा विशेष स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उमंग से भर उठा। इस दौरान समिति के सदस्यों ने जुलूस में शामिल लोगों के बीच शीतल पेय, बिस्कुट और पानी का भी वितरण किया, जिससे गर्मी के बीच श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जो पूरे आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाते नजर आए। इस अवसर पर रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि समिति हमेशा से सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेती रही है।



उन्होंने कहा कि सरहुल जैसे प्रकृति पर्व हमारी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और ऐसे आयोजनों में सहभागिता से समाज में एकता और भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने यह भी बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी समिति ने पूरे उत्साह के साथ सरहुल जुलूस का स्वागत किया और आगे भी इसी तरह समाज हित में कार्य करती रहेगी। मौके पर संरक्षण समिति कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, संरक्षक राजकुमार गोप, सचिव राजेश गोप, कोषाध्यक्ष अजय कुमार साव, धर्मेंद्र शुक्ला, सूरज कुमार, बीरेंद्र कुमार बीरू, अमरेश कुमार सिंह, जय सिंह, मोहित प्रधान, मुकेश कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार सिन्हा सहित संरक्षण समिति के दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# जमीन विवाद में मारपीट, तोड़फोड़ व रंगदारी का आरोप, 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** थाना क्षेत्र के कोनरा स्थित शादी मुहल्ला में जमीन विवाद को लेकर मारपीट, तोड़फोड़ और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता मोजिम (पिता स्व. रफीक) ने थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार, वर्ष 2014 में उसकी पत्नी के नाम से मौजा में खाता संख्या 09, प्लॉट संख्या 461 की जमीन खरीदी गई थी। वर्ष 2017 में पत्नी के निधन के बाद उसने उक्त जमीन पर मकान निर्माण कार्य शुरू कराया। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचकर खुद को जमीन का वास्तविक मालिक बताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा काम जारी रखने पर जान से मारने और झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी। साथ ही जमीन पर काम कराने के एवज में 5 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की गई। आरोप है कि बीते 14 मार्च को आरोपियों ने जमीन पर बनी बाउंड्री को तोड़ दिया। विरोध करने पर निर्माण स्थल पर लगे गेट व अन्य संरचनाओं को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं और जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे परिवार में भय का माहौल है। आवेदन के अनुसार पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# अभ्युदय 2026 खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान केंद्र गौरियाकरमा परिसर में 17 से 21 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक विद्यार्थी खेलकूद प्रतियोगिता अभ्युदय -2026 का आयोजन किया गया । जिसका समापन 21 मार्च को हुआ। समापन समारोह केंद्र के खेल मैदान में आयोजित हुआ, जिसमें संस्थान विद्यार्थियों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान 800 मीटर पुरुष, 400 मीटर महिला दौड़ तथा पुरुष-महिला रिले रेस के फाइनल मुकाबले आकर्षण का केंद्र रहे।

इसके बाद मार्च-पास्ट और खेल सचिव द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर



प्रभारी डॉ. एस. के. महन्ता ने की। विजेताओं को पदक, ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र दिए गए, वहीं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ‟बेस्ट प्लेयर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन निदेशक डॉ. सीएच. श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने किया । मौके पर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ विशाल नाथ पाण्डेय सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

# सरहुल पर्व पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रकृति से प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक पर्व सरहुल के अवसर पर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह पुलिस लाइन, हजारीबाग में आयोजित सरहुल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने पारंपरिक आदिवासी परिधान धारण कर स्थानीय कलाकारों के साथ पारंपरिक धुनों पर नृत्य कर उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सरहुल पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।



उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की कि वे प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति सजग रहें तथा सरहुल जैसे पर्वों के माध्यम से हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ सरहुल पर्व मनाया तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक तथा माले ने दी ईद की बधाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने अपने संगठन की ओर से प्रेम और सौहार्द के पर्व ईद के अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात कर उन्हें ईद की बधाई दी और आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया कार्यक्रम में फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता मनोज यादव के साथ माले नेता महताब अली मिर्जा, अखिलेश राज समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर प्रशासन का सख्त प्रहार, नोटिस की अवहेलना पड़ी भारी

## दोबारा अतिक्रमण करने पर दर्ज होगी प्राथमिकी, तय समय में हटें दुकानदार, अभियान रहेगा जारी : सीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को बरही में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। बीडीओ जयपाल महतो एवं सीओ चंद्रशेखर कुणाल के नेतृत्व में सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान प्रशासन का रुख काफी कड़ा नजर आया, जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और लोग आनन-फानन में अपने ठेले व दुकानें समेटने लगे।



धनबाद रोड, गया रोड और बरही चौक सहित प्रमुख स्थानों पर दो जेसीबी, ट्रैक्टर एवं भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाकर कई अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने किसी की अपील नहीं सुनी और कई सामान भी जब्त किए गए। सीओ कुणाल ने स्पष्ट कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सब्जी बाजार को एनएचएआई के पास तथा मछली बाजार को अग्रवाल गली में स्थानांतरित किया जाएगा।

फिलहाल वर्तमान व्यवस्था के तहत ही फुटकर विक्रेता दुकान लगाएंगे । एनएचएआई के समीप स्थित दुकानदारों के अनुरोध पर उन्हें 31 मार्च तक का समय दिया गया है। प्रशासन ने साफ किया कि यह अभियान अभी आगे भी लगातार जारी रहेगा। मौके पर सीआई अजय कुमार, राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक सहित बरही थाना के पुलिस बल और अंचल के चौकीदार आदि मौजूद थे ।

# सामाजिक कार्यकताओं ने दिया भाईचारे और शांति का संदेश, ईद की बधाइयां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** पवित्र पर्व ईद के अवसर पर आज जिले के विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगों द्वारा सभी देशवासियों एवं गिरिडीह वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। इस मौके पर आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया गया कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, शांति एवं एकता बनाए रखने की अपील की।

वक्ताओं ने कहा कि हमारा हिंदुस्तान विविधताओं का देश है, जहाँ सभी धर्म और समुदाय के लोग मिलजुल कर रहते हैं, और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है सामाजिक कार्यकताओं ने अहले वतन के सभी नागरिकों को तहे दिल से ईद मुबारक पेश करते हुए कहा कि इस तरह के पर्व हमें आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं इस अवसर पर मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता गुलाम मुस्तफा टार्जन, शहादत हुसैन, मोहम्मद मुअज्जम, वकील अहमद, वसीम अहमद सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर समाज में एकता, सद्भाव और शांति का संदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह में बंद घर से लाखों की संपत्ति की चोरी

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के नगर थाना क्षेत्र के कर्बला रोड स्थित गुरुकुल गली में एक बंद घर से लाखों रुपए के नगद और जेवरात की चोरी हो गई है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित कुणाल कुमार ने नगर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि वे भारतीय रेलवे में कार्यरत हैं और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन में है। ड्यूटी के कारण वे बाहर रहते हैं, जबकि उनके माता-पिता भी स्वास्थ्य कारणों से घर पर मौजूद नहीं थे, जिससे घर बंद था। चोरों ने इसी खाली घर को निशाना बनाया। उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने आराम से पूरे घर की तलाशी ली, हर कमरे को खंगाला और अलमारी तोड़कर उसमें रखे नगद रुपए व कीमती जेवरात चुरा लिए। स्थानीय लोगों ने जब घर का ताला टूटा हुआ देखा तो उन्हें शक हुआ और तुरंत इसकी सूचना पीड़ित के परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद कुणाल कुमार जल्दबाजी में गिरिडीह पहुंचे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था, अलमारी टूटी हुई थी और कीमती सामान गायब थे। प्रारंभिक जांच में करीब 2 लाख रुपए नगद और लगभग 10 से 12 लाख रुपए मूल्य के जेवरात चोरी होने का अनुमान है। हालांकि, सटीक नुकसान का आकलन अभी किया जा रहा है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि इस वारदात में किसी जानकार व्यक्ति का हाथ हो सकता है, जिसे घर के खाली रहने की पूरी जानकारी थी। घटना को अंजाम देने का तरीका दर्शाता है कि चोरों ने पहले से रेकी की थी।

### कांग्रेस ने योगेंद्र साव को तीन साल के लिए पार्टी से निकाला

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तीन वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की अनुशासन समिति की सिफारिश पर की गई है। मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने बताया कि योगेंद्र साव लगातार सोशल मीडिया के जरिए वर्तमान सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक व अनुशासनहीन टिप्पणियां कर रहे थे। हाल ही में उन्होंने लाइव आकर भी सरकार के खिलाफ बयान दिया था। पार्टी की अनुशासन समिति ने इसे गंभीर मामला मानते हुए कहा कि इस तरह के बयान संगठन की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं और पार्टी नियमों का उल्लंघन हैं। इसी आधार पर समिति ने कार्रवाई की सिफारिश की।

### 29 मार्च को होने वाली जेट की परीक्षा टली, अब 26 अप्रैल को आयोजित होगी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने झारखंड पात्रता परीक्षा (जेट) 2026 की तिथि में बदलाव किया है। पहले यह परीक्षा 29 मार्च को होनी थी। अब यह 26 अप्रैल को आयोजित होगी। आयोग ने बदलाव का कारण 'अपरिहार्य' बताया है। परीक्षा राज्य के 6 शहरों रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, देवघर और हजारीबाग में आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को इन शहरों में से प्राथमिकता के आधार पर अधिकतम तीन विकल्प चुनने होंगे। आयोग ने परीक्षा केंद्र चयन में आंशिक राहत देते हुए शहरों के विकल्प में संशोधन की अनुमति दी है। अभ्यर्थी 24 मार्च से 30 मार्च शाम 5 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से अपने शहर के विकल्प में बदलाव कर सकेंगे। हालांकि, आवेदन पत्र में किसी अन्य प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा। अचानक तिथि में बदलाव से अभ्यर्थियों में नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि आयोग को परीक्षा स्थगित करने की स्पष्ट वजह बतानी चाहिए, ताकि भ्रम की स्थिति खत्म हो सके।

### रांची के मोरहाबादी में लगे सरस मेला में करंट लगने से दुकानदार की मौत

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में खादी मेले का आयोजन किय गया है. इस मेले में एक दुकानदार की करंट लगने की वजह से मौत हो गई. आंधी और बारिश की वजह से दुकानदार करंट की चपेट में आ गया था. घटना के बाद लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया, जहां गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई. राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में लगे हैंडलूम और सरस मेले में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया. बारिश के दौरान बिजली की तार से करंट लगने से एक दुकानदार की मौत हो गई. मृतक दुकानदार 23 वर्षीय मो जुनैद बिहार के भागलपुर का रहने वाले थे. इस घटना के बाद मेले से बिजली काट दी गई और मेला को बंद करा दिया गया है. बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम मेला घूमने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे. इसी बीच शाम ढलते ही अचानक आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई. बारिश की वजह से मेले में घूमने गए लोग भींगने से बचने के लिए स्टॉल में चले गए. मेले में मो जुनैद ने भी हैंडलूम का स्टॉल लगाया था. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मेले परिसर में लगे बिजली का तार को मैट के नीचे से बिछाया था. स्टाल में खड़े दुकानदार अचानक उसमें सट गया. यह देखकर अफरा-तफरी मच गई, लोग इधर-उधर भागने लगे. मेले के आयोजकों ने तुरंत बिजली काटी, जिससे मो जुनैद घायल होकर जमीन पर गिर गए.

रांची में निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर लगेगी लगाम

# शुल्क निर्धारण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने ढंग से फीस वृद्धि पर रोक लगाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक बड़ा और अहम कदम उठाया है. उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में निजी विद्यालयों के शुल्क निर्धारण के लिए जिला स्तरीय जांच और निर्णय समिति का गठन किया गया है.

### अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत

इस पहल का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत दिलाना और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है. झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत गठित यह समिति अब निजी स्कूलों की फीस संरचना पर नजर रखेगी और किसी भी तरह की अनियमितता या शिकायत की स्थिति में उचित निर्णय ले सकेगी.

**मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ता है अतिरिक्त आर्थिक दबाव :** लंबे समय से अभिभावकों की यह शिकायत रही है कि निजी विद्यालय बिना किसी ठोस आधार के हर वर्ष फीस में बढ़ोतरी कर देते हैं, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ता है. ऐसे में जिला प्रशासन की यह पहल अभिभावकों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखी जा रही है.

**मानकों से अधिक शुल्क वसूलने पर कार्रवाई :** समिति के गठन के बाद अब कोई भी निजी विद्यालय निर्धारित मानकों से अधिक शुल्क नहीं वसूल सकेगा. यदि किसी विद्यालय द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर संबंधित विद्यालय पर 50 हजार रुपये से लेकर 2 लाख 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है.

### स्कूल की मान्यता रद्द करने पर विचार

इसके अलावा गंभीर मामलों में विद्यालय की मान्यता रद्द करने की भी कार्रवाई की जा सकती है. इस जिला स्तरीय समिति में प्रशासनिक और शैक्षणिक क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, ताकि निर्णय प्रक्रिया संतुलित और निष्पक्ष हो सके.

### समिति के अध्यक्ष होंगे डीसी

समिति के अध्यक्ष उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी होंगे, जबकि जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी और एक सनदी



लेखाकार (चार्टर्ड अकाउंटेंट) इसके सदस्य होंगे. इसके अलावा निजी विद्यालयों के प्रतिनिधित्व के लिए गुरूनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल और डीएवी कपिलदेव के प्राचार्यों को शामिल किया गया है. अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल और जवाहर विद्यालय मंदिर श्यामली के अभिभावकों को भी सदस्य बनाया गया है, साथ ही रांची जिले के सभी सांसद और विधायक भी इस समिति का हिस्सा होंगे.

### मामले की निष्पक्ष और गहन जांच

समिति को व्यापक अधिकार दिए गए हैं. यह न केवल फीस निर्धारण से जुड़े मामलों की जांच करेगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर गवाहों को समन जारी करने, दस्तावेजों की मांग करने और साक्ष्य एकत्र करने का अधिकार भी रखेगी. इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी मामले की निष्पक्ष और गहन जांच हो सके.

इसके साथ ही जिला प्रशासन ने निजी विद्यालयों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किए हैं. प्रत्येक विद्यालय को अपने स्तर पर शुल्क निर्धारण समिति और अभिभावक, शिक्षक संघ का गठन करना अनिवार्य होगा. इन समितियों की जानकारी विद्यालय के नोटिस बोर्ड और आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी होगी, ताकि अभिभावकों को पूरी पारदर्शिता मिल सके.

**स्कूल में शैक्षणिक सामग्रियों की बिक्री पर रोक :** एक अन्य महत्वपूर्ण निर्देश के तहत विद्यालय परिसर में पुस्तकों, यूनिफॉर्म, जूते या अन्य शैक्षणिक सामग्रियों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है. स्कूल अब किसी भी अभिभावक या छात्र को किसी विशेष दुकान या प्रतिष्ठान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेंगे. यह कदम भी अभिभावकों पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है.

अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, विद्यालय भवन और परिसर का उपयोग केवल शैक्षणिक कार्यों के लिए ही किया जा सकेगा. किसी भी प्रकार के व्यावसायिक उपयोग या कियोस्क के माध्यम से अनिवार्य खरीद को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है.

**समिति के गठन से शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद :** जिला प्रशासन का मानना है कि इस समिति के गठन से शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी, अभिभावकों का भरोसा मजबूत होगा और निजी विद्यालयों की जवाबदेही तय होगी. इसके साथ ही, यह कदम शिक्षा को व्यवसाय के बजाय सेवा के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

**अधिनियम के सभी प्रावधानों का सख्ती से पालन :** उपायुक्त ने सभी निजी विद्यालयों से अपील की है कि वे अधिनियम के सभी प्रावधानों का सख्ती से पालन करें. किसी भी प्रकार की शिकायत या विवाद की स्थिति में अभिभावक जिला स्तरीय समिति से संपर्क कर सकते हैं, जहां उनकी समस्याओं का समाधान नियमों के अनुसार किया जाएगा.

## पलामू कमिश्नर ने मेडिकल कॉलेज और परिवहन कार्यालय का किया निरीक्षण

**पलामू, एजेंसी।** कमिश्नर कुमुद सहाय ने शुक्रवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल और पलामू जिला परिवहन कार्यालय का निरीक्षण किया है. निरीक्षण के बाद कमिश्नर ने पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के अधिकारियों के साथ राजस्व की समीक्षा बैठक भी की. राजस्व की समीक्षा बैठक के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष का अंतिम महीना चल रहा है. अधिकारी सरकार के राजस्व को बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम को उठाएं और प्रयास करें.

### राजस्व संग्रहण में कम प्रगति से कमिश्नर नाराज

बैठक में कमिश्नर ने अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. समीक्षा बैठक में पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में कुछ विभागों के द्वारा राजस्व संग्रहण में प्रगति नहीं पाई गयी है. कमिश्नर ने नाराजगी जाहिर करते हुए विभागों से लक्ष्य को हासिल करने का निर्देश दिया है.

### निरीक्षण में लिफ्ट की मेंटेनेंस देखी

पलामू कमिश्नर ने मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में कमिश्नर ने लिफ्ट में मेंटेनेंस के लिए प्रशासनिक स्वीकृति भी दी. इस दौरान मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ भी उन्होंने मुलाकात की एवं उनकी कई समस्याओं को जाना. कमिश्नर ने इस दौरान मेडिकल कॉलेज के कैंटीन का भी जायजा लिया है.

परिवहन विभाग द्वारा बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

कमिश्नर कुमुद सहाय ने पलामू जिला परिवहन कार्यालय का भी निरीक्षण किया है. निरीक्षण के क्रम में कमिश्नर ने परिवहन विभाग को अवैध बालू की ढुलाई, अवैध खनन के परिवहन पर रोक लगाने के लिए निर्देश दिए हैं. परिवहन विभाग द्वारा बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं.

----

## मनरेगा बदलाव पर प्रस्ताव पास, केंद्र सरकार की 'जी राम जी योजना' से झारखंड पर पड़ेगा 5500 करोड़ रुपए का बोझ, इसलिए विरोध

**रांची, एजेंसी।** झारखंड ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना में प्रस्तावित बदलाव और इसे विकसित भारत जी राम जी योजना (जी राम जी योजना) के रूप में लागू किए जाने का विरोध किया है।

राज्य विधानसभा ने इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर केंद्र से मूल मनरेगा ढांचे को बनाए रखने की मांग की है। साथ ही राज्य सरकार ने मनरेगा के तहत रोजगार की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन करने की मांग भी रखी है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे पारित कर अब केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

### झारखंड के विरोध के 7 बड़े कारण



1. राज्य पर बढ़ेगा वित्तीय बोझः नए कानून में केंद्र-राज्य वित्तीय अनुपात 60:40 प्रस्तावित है। अभी कुल खर्च का 90% केंद्र वहन करता है। इससे झारखंड पर 5500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।
2. कृषि सीजन में 60 दिन का अनिवार्य अवकाशः नए कानून में कृषि मौसम में 60 दिन काम बंद रहेगा। यह भूमिहीन मजदूरों के लिए नुकसानदायक माना गया है।
3. ग्राम सभा की शक्तियों में कमीः मनरेगा के तहत ग्राम सभा को 266 प्रकार के कार्य चुनने की स्वतंत्रता थी। नए कानून में तकनीकी-केंद्रीय नियंत्रण बढ़ने से यह अधिकार सीमित हो सकता है।
4. तकनीकी चुनौतियांः बायोमेट्रिक व जियोस्पेशियल सिस्टम लागू होने से दूरदराज क्षेत्रों में पैमेंट में देरी संभव है।
5. मानव दिवस (वर्क डेज) में कमी का खतराः काम के दिनों की संख्या घट सकती है। अतिरिक्त मांग का बोझ राज्य पर आएगा।
6. रोजगार की कानूनी गारंटी खत्म होने की आशंकाः मनरेगा में काम मांगने पर रोजगार की गारंटी है, जबकि नए कानून में यह व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है।
7. बेरोजगारी भत्ता और मुआवजे का बोझ राज्य परः बेरोजगारी भत्ता और अतिरिक्त मांग का पूरा खर्च राज्य सरकार को उठाना होगा।

मनरेगा को ही सशक्त करने की जरूरत थीः ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि मनरेगा रोजगार की कानूनी गारंटी देता है, इसे सशक्त करने की जरूरत थी, न कि नया कानून लाने की। नया जी राम जी राज्य के लिए ज्यादा महंगा, कम सुरक्षित और कम टिकाऊ साबित होगा।

## सांसद ढुल्लू महतो की नई पहल, हेल्प डेस्क के जरिए जनता की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**धनबाद, एजेंसी।** लोकसभा क्षेत्र में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सांसद ढुल्लू महतो ने एक नई पहल की है. उन्होंने एक सहायता कक्ष यानी हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया. यहां अब लोगों की शिकायतें सीधे दर्ज कर उनका जल्द समाधान किया जाएगा.

धनबाद में सांसद ढुल्लू महतो द्वारा शुरू किया गया यह सहायता कक्ष क्षेत्र की जनता के लिए एक अहम सुविधा के रूप में देखा जा रहा है. इस हेल्प डेस्क के जरिए लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और प्रशासनिक समस्याओं को एक ही जगह पर दर्ज करा सकेंगे.

लोकतंत्र की असली ताकत जनता में होती है और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनें और उनका समाधान करें. अक्सर छोटी-छोटी समस्याओं के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती हैः



अब इस हेल्प डेस्क के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. साथ ही, हर आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा.

**जनता की समस्या का त्वरित समाधान :** सांसद ने यह भी कहा कि यह पहल पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था को मजबूत करेगी और 'सबका साथ, सबका विकास' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सहायक होगी. सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि जनता की समस्या का त्वरित समाधान हमारी प्राथमिकता है और यह हेल्प डेस्क उसी दिशा में एक मजबूत कदम है.

**लोगों का प्रशासन पर भरोसा और मजबूत होगा :** कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने इस पहल को जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया. उनका कहना था कि इससे आम लोगों का प्रशासन पर भरोसा और मजबूत होगा और समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया आसान बनेगी.

## बाबा नगरी देवघर के मस्जिदों में पढ़ी गई ईद की नमाज, लोगों ने अमन और शांति की मांगी दुआ

**देवघर, एजेंसी।** पूरे देश के साथ साथ बाबा नगरी में भी ईद की नमाज पढ़ी गई. देवघर के जामा मस्जिद में सभी मोमिन समाज के लोगों ने रमजानुल मुबारक माह के जुम्मे की नमाज अकीदत के साथ अदा की. जामा मस्जिद में पहुंचे हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि 30 दिन के रोजे के बाद ईद के नमाज पढ़ने का मौका मिला है. ईद का नमाज पढ़ने पहुंचे नमाजदारों ने देश और समाज के लिए अमन और शांति की दुआ की.

जामा मस्जिद के सदर साहब ने बताया कि ईद का मतलब ही होता है खुशी. उन्होंने बताया कि देवघर में मुस्लिम समाज के लोगों ने आज एक दूसरे से गले मिलकर खुशी जाहिर की और अपने वतन के बेहतर भविष्य के लिए खुदा के सामने शीश झुकाकर नमाज अदा की.



नमाज पढ़ने पहुंचे शकील ने बताया कि 30 दिन के रोजे के बाद सुबह के नमाज ईदगाह में पढ़े जाते हैं लेकिन देवघर में सुबह से मौसम खराब होने के कारण मुस्लिम समाज में मस्जिद में ही नमाज पढ़ने का काम किया. वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी मुस्लिम समाज ने बड़ी तादाद में नमाज पढ़ ईद की मुबारकबाद दी और लोग एक दूसरे से गले मिलकर उनके बेहतर भविष्य की कामना की.

इधर, ईद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. देवघर के डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद लगातार मस्जिदों का दौरा कर रहे हैं और जहां भी भीड़ भार और ट्रैफिक व्यवस्था में समस्या आ रही है उसको लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए दिखे.

## रांची में ईद का जश्न, सुरक्षा का जायजा लेने एडीजी खुद सड़कों पर उतरे

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची ईदगाह सहित रांची के सभी मस्जिदों में शनिवार को ईद की नमाज अदा की गई. इस दौरान रांची पुलिस के द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए. आईजी रांची सह एडीजी सीआईडी मनोज कौशिक खुद शहर में घूम-घूमकर सुरक्षा का जायजा लेते नजर आए.



**हर तरफ रही सुरक्षा :** रांची में तमाम मस्जिदों और ईदगाह में ईद की नमाज बड़ी तादाद में मुसलमान भाइयों ने एक साथ अदा की. सुबह से ही ईदगाह परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. नमाज के दौरान पूरा इलाका भाईचारे, एकता और उत्साह से सराबोर नजर आया. हजारों की संख्या में लोग विशेष नमाज में शरीक हुए, जो ईद के पवित्र त्योहार की शुरुआत का प्रतीक बनी.

वहीं, दूसरी तरफ ईद की सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में रही. शहर का ग्रामीण क्षेत्र हो या फिर शहरी हर मस्जिद में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रही. शहर में किस तरह की सुरक्षा व्यवस्था की गई है, इसका जायजा लेने के लिए खुद आईजी रांची सह सीआईडी एडीजी मनोज कौशिक सड़कों पर घूमते नजर आए. मनोज कौशिक सबसे पहले डोरंडा स्थित ईदगाह पहुंचे और वहां थाना प्रभारी दीपिका से पूरे सुरक्षा मामले की जानकारी ली. इस दौरान पूरे शहर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और फोर्स तैनात रही, जिसमें यातायात पुलिस भी शामिल थी.

## झारखंड में एसआईआर बहुत जरूरी, जो विरोध कर रहे हैं उन्हें सिर्फ वोट बैंक से है मतलब

**देवघर, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को देवघर पहुंचे. देवघर स्थित बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करने के बाद उन्होंने दुमका के बासुकीनाथ मंदिर में पूजा की. इसके बाद रघुवर दास वापस देवघर लौटे और सोनारायठाड़ी प्रखंड के कुलहरिया गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद पूर्व सीएम रघुवर दास ने मीडिया से कई प्रमुख मुद्दों पर बातचीत की.

### झारखंड के लिए एसआईआर बहुत जरूरीः रघुवर दास

मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा नेता रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में एसआईआर लागू हो रहा है और यह झारखंड के लिए बहुत जरूरी है. उन्होंने कहा कि एसआइआर का विरोध वतनपरस्ती है. ऐसे लोगों को सिर्फ अपने वोट बैंक से मतलब है.

**डीजे बैन के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर साधा निशाना :** वहीं उन्होंने रामनवमी में



डीजे बैन के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि जो सदन में रहकर हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ अनर्गल बयान देते हैं वो अपनी राजनीति करने के लिए रामनवमी जैसे महापर्व में ऐसे तुगलकी फरमान देते हैं.

**बिहार में राज्यसभा चुनाव के नतीजों पर दिया बयान :** इसके अलावा भाजपा नेता रघुवर दास ने बिहार में राज्यसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर कहा कि यदि कांग्रेस के विधायकों ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान नहीं किया तो इस पर कांग्रेस और राजद के नेताओं को विचार करना चाहिए.

### लोकसभा में विपक्ष की भूमिका पर उठाए सवाल

वहीं लोकसभा में विपक्ष द्वारा किए जा रहे लगातार विरोध प्रदर्शन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि विधानसभा हो या लोकसभा यहां पर सिर्फ मुद्दों पर बात होनी चाहिए. वर्तमान में विपक्ष मुद्दों पर कम और दूसरे को नीचे दिखाने पर ज्यादा काम कर रहा है, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है.

### सोनारायठाड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं संग की बैठक

बता दें कि झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी काफी कमजोर साबित हुई है. इसे देखते हुए देवघर के सोनारायठाड़ी प्रखंड में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और पार्टी को कैसे मजबूत किया जाए इसको लेकर कई दिशा निर्देश दिए. कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला अध्यक्ष रूपेश मंडल, पूर्व जिला अध्यक्ष निवास मंडल, पंकज भदौरिया, विश्वनाथ राय सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे.

# निर्धारित समय पर होगा पंचायत चुनाव : मंत्री

## नया रोस्टर होगा लागू, पूर्व की तरह ही होगा प्रमुख और उप प्रमुख का चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने स्पष्ट कहा है कि राज्य में पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर ही कराए जाएंगे और परिसीमन में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि प्रमुख और उपप्रमुख का चुनाव पूर्व की भांति निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही संपन्न होगा। शनिवार को मंत्री टनकुप्पा प्रखंड के बरसौना गांव पहुंचे। गया स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर आगामी पंचायत चुनाव और ग्रामीण विकास योजनाओं को लेकर अहम जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के पंचायत चुनाव में नया आरक्षण रोस्टर लागू किया जाएगा। वर्तमान रोस्टर को लागू हुए 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं, इसलिए नियमानुसार इसमें बदलाव आवश्यक है। इस घोषणा के बाद संभावित प्रत्याशियों और राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

मंत्री ने कहा कि ईद की छुट्टी के कारण जिला मुख्यालय में औपचारिक विभागीय समीक्षा बैठक नहीं हो सकी, लेकिन उन्होंने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत क्षेत्र का दौरा कर विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और आम लोगों से संवाद किया।

मंत्री दीपक प्रकाश ने बताया कि पंचायतों को आधुनिक स्वरूप देने के लिए पंचायत सरकार भवनों को मिनी सचिवालय के रूप में विकसित किया जा रहा है।



बरसोना पंचायत में निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को प्रमाणपत्र सहित विभिन्न सरकारी सेवाएं गांव स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी।

उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आधुनिक मुक्ति धाम विकसित किए जाएंगे, जहां अंतिम संस्कार से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके साथ ही गरीब परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से कन्या विवाह मंडप निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गांवों की गलियों को रोशन करने के लिए सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य लगभग पूरा होने वाला है, जिससे सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

दौरे के दौरान मंत्री ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सदस्यता अभियान में भी भाग लिया और दावा किया कि जिले में युवाओं, महिलाओं और अभिभावकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

# 34 को जिला बदर का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जिले में लगातार चल रहे पर्व-त्योहारों के बीच शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। डीएम कुंदन कुमार ने पुलिस की अनुशंसा पर सीसीए (क्रिमिनल कंट्रोल एक्ट) के तहत 34 आदतन अपराधियों को थाना बदर करने का आदेश जारी किया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस द्वारा पहले ही इन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। इसके बाद शुक्रवार को डीएम न्यायालय में सभी मामलों की सुनवाई की गई।

सुनवाई के उपरांत संबंधित अपराधियों को उनके-अपने थाना क्षेत्रों से निष्कासित करने का निर्देश दिया गया। थाना बदर किए गए अपराधियों में बिंद, कतरीसराय, बेन, सिलाव, नालंदा, बिहार, तेल्हाड़ा, हिलसा, चंडी, परबलपुर, नगरौसा एवं करायपरसुराय थाना क्षेत्र के एक-एक अपराधी शामिल हैं।

# फल्गु नदी का श्रमदान से सफाई अभियान 24 से



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** विश्व प्रसिद्ध अंतः सलिला, मोक्ष दायिनी, फल्गु नदी के पूर्वी छोर के सलेमपूर से अलीपुर तथा पश्चिमी छोर के केंदुई से कंडी तक बसे लोगों के द्वारा श्रमदान से सफाई एवं स्वच्छ रखने का अभियान का शुभारंभ लोक आस्था के महापर्व चैती छठ 24 मार्च से करने का निर्णय लिया गया है।

श्रमदान से फल्गु स्वच्छ बनाओ अभियान के संयोजक प्रो विजय कुमार मिट्ठू, अध्यक्ष महंथ बावन भगवान, महासचिव बैजू प्रसाद, प्रो दीनानाथ, प्रो बीकेपी वर्मा, पवन कुमार, अजीत कुमार शर्मा, ओंकार नाथ सिंह, अरविंद कुमार सिंह, गौतम सिंह, चुन्ना यादव, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, संतोष चौरसिया, तारकेश्वर नाथ पटवा, राणा रंजीत सिंह, आदि ने कहा कि फल्गु नदी के उद्गम स्थल से

## श्रमदान में लोगों से भाग लेने की अपील

गयाजी शहर तक कई बाँध बनने, बालू खनन, नाली की पानी, कुड़ा डालने तथा पहले की तरह लगातार सोई नहीं चलने से आबादी वाले हिस्से में झाड़ी, कुश, गंदगी से इसकी स्वच्छता तार- तार हो रही है, जिसे हमेशा साफ रखने के लिए सालों भर छुट्टी के दिन प्रत्येक रविवार को घंटा, दो घंटा श्रमदान से इस विश्व प्रसिद्ध नदी को स्वच्छ रखा जा सकता है।

इस अभियान से फल्गु नदी के पश्चिमी छोर के केंदुई, डण्डी बाग, घुघरि टांड, लखनपुरा, विष्णुपद , देव घाट, गायत्री घाट, ब्राह्मणी घाट, पिता महेश्वर घाट, महादेव घाट, सीढिया घाट, किरानी घाट, राय बिंदेशवरी घाट, मोरीया घाट, पंचायती अखाड़ा घाट, रामशीला घाट, कंडी आदि क्षेत्रों के लोगों तथा पूर्वी छोर के भदेजा- भदेजी , सलेमपूर, स्वामि सहजानंद सरस्वती कॉलोनी, भूसनडा, लखीबाग , उतरी लखीबाग , जनकपूर, हेठ मानपूर, पटवा टोली, अलीपूर, शादीपूर क्षेत्रों के लोगों को जोड़ने हेतु जनजागरण चलाया जाएगा। श्रम दान महादान के नारों को बुलंद करते हुए स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी बनाने हेतु गयाजी वासियों से नम्र निवेदन है कि लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के दिन से फल्गु नदी में अपने अपने मुहल्ला, गांव, टोला के सामने नदी में उतर कर श्रमदान से सफाई कार्य शुभारंभ करने की कृपा करें।

# वज्रपात से तीन की मौत, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड के कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई, जिससे मौसम में बदलाव आया। वहीं, चतरा जिले के पत्थलगड़ा में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई वज्रपात की घटनाओं में तीन महिलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दर्दनाक हादसे से ईद से पहले सिंघानी में शोक की लहर दौड़ गई और खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।

पहली घटना पत्थलगड़ा और गिद्धौर प्रखंड की सीमा पर स्थित बंदरचुवा गांव में हुई। यहां शुक्रवार दोपहर महुआ चुनने गई महिलाओं पर अचानक वज्रपात हो गया। इस हादसे में सिंघानी गांव निवासी मोहम्मद महफूज की पत्नी शमा परवीन (35) की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, उनकी 12 वर्षीय पुत्री लाडली उर्फ हुजैफा परवीन और गांव के ही मोहम्मद महबूब की पत्नी जैतून निशा (55) गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जाता है कि अलविदा जुमे की नमाज के बाद महिलाएं महुआ चुनने गई थीं। अचानक मौसम खराब होने पर वे पेड़ के नीचे खड़ी हो गईं, तभी तेज वज्रपात हुआ।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनवारा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, ईद के मद्देनजर मृतका का अंतिम संस्कार उसी दिन कर दिया गया। इस घटना से सिंघानी गांव में गहरा शोक व्याप्त है।

दूसरी घटना पत्थलगड़ा प्रखंड के मेराल पंचायत अंतर्गत जेहरा गांव में हुई, जहां वज्रपात की चपेट में आकर दो सगी बहनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान संजय भुइयां की पत्नियां कल्याणी देवी और पूनम देवी के रूप में हुई है।

# दो करोड़ के 394 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गायजी।** गया जिले में मद्यनिषेध टीम और बहेरा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में करीब 394 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, 20 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी झारखंड से बिहार में अवैध रूप से मादक पदार्थ ला रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी-2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने बहेरा-डोभी मार्ग पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध सफेद रंग के कंटेनर युक्त डाक पार्सल पिकअप वाहन को रोका। वाहन की जांच के दौरान दो व्यक्तियों को



पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने इसे कूरियर का सामान बताया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि वाहन में छिपाकर गांजा ले जाया जा रहा था। इसके बाद दंडाधिकारी की उपस्थिति में विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें प्लास्टिक के बंडलों में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। जब्त सामग्री में एक डाक पार्सल पिकअप वैन, 108 पैकेट गांजा (कुल 394 किलोग्राम) और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन शामिल है। पुलिस ने मौके पर ही गांजे का

## कूरियर की आड़ में चल रहा था खेल

वजन कराया और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान वैशाली जिले के फतेहपुर राघोपुर थाना क्षेत्र निवासी गणेश कुमार और पहाड़पुर जुरावनपुर निवासी मोनू कुमार के रूप में हुई है। दोनों से पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय है और गांजा चतरा से जहानाबाद ले जाया जा रहा था।

छापेमारी दल में निरीक्षक उमेश चंद्र राय, थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार, पुलिस पदाधिकारी भरत राय सहित कई पुलिसकर्मी और सैप बल के जवान शामिल थे। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# प्रसाद को ले दुकानदार और श्रद्धालुओं के बीच मारपीट

## दुकानदारों ने एकजुट हो श्रद्धालुओं पर किया हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गोपालगंज। बिहार के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक, गोपालगंज स्थित थावे दुर्गा मंदिर परिसर से एक अप्रिय घटना सामने आई है। शनिवार को प्रसाद खरीदने के दौरान एक मामूली बात को लेकर दुकानदार और श्रद्धालुओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस मारपीट में कई श्रद्धालु घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरूआत एक दुकान पर प्रसाद की कीमत और गुणवत्ता को लेकर हुई।

श्रद्धालु और दुकानदार के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई, जिसने देखते ही देखते उग्र रूप धारण कर लिया। आरोप है कि स्थानीय दुकानदारों ने एकजुट होकर श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया।

इस अफरा-तफरी और मारपीट के

## कई हुए चोटिल

कारण मंदिर परिसर में काफी देर तक चीख-पुकार मची रही और दर्शन के लिए आए अन्य भक्तों में भी दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

इस घटना के बाद दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। भक्तों का कहना है कि आस्था के केंद्र पर इस तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि दोषी दुकानदारों के लाइसेंस रद्द किए जाएं और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

# हर्षोल्लास से अदा हुई ईद-उल-फितर की नमाज, गले मिल दी बधाई

## बाजारों में दिखी रौनक, प्रशासन रहा मुस्तैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड के विभिन्न गांवों और मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह नमाज अदा की और देश में अमन-चैन, खुशहाली तथा तरक्की की दुआ मांगी ईद की नमाज को लेकर क्षेत्र के परशुराम, रहटौली, हबका, पूरा सहित अन्य गांवों की मस्जिदों और ईदगाहों में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ह्लईद मुबारकह्व कहा और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखा।



हथौड़ी थाना अध्यक्ष मौसम के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर सतर्क निगरानी रखी गई। लगातार गश्ती कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई थानाध्यक्ष मौसम ने बताया कि ईद का पर्व पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों को आपसी भाईचारा बनाए रखने और इसी तरह मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की ईद के इस पावन अवसर पर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नए कपड़े पहनकर लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर मुंह मीठा कराया और खुशियां साझा कीं। पूरे प्रखंड क्षेत्र में दिनभर ईद की रौनक बनी रही।

# दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव में शनिवार की दोपहर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मृतक के सिर और दाएं आंख के भाग में लगी। पुलिस इस मामले मामले एक महिला से पूछताछ कर रही है। रवि कुमार ट्रैक्टर चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। अवैध संबंध के शक में उपजे विवाद में हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। मृतक की पहचान 27 वर्षीय रवि कुमार के रूप में हुई है। वह ज्ञानपुर गांव निवासी हरेराम राय का पुत्र बताया गया है।

परिजनों के अनुसार रवि सामान्य जीवन जी रहा था।अचानक हुई इस घटना से परिवार सदमे में है। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता था। मृतक तीन भाइयों और एक बहन में तीसरे नंबर पर था। उसकी हत्या से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

मृतक के बड़े भाई रामाकांत ने बताया कि दोपहर के समय रवि घर के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान पड़ोसी सरोज कुमार अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसी क्रम में एक गोली रवि की आंख के पास में जा लगी। घटना के बाद सभी आरोपित फरार हो गए।

सरोज अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर अक्सर विवाद करता था। गांव में अन्य युवकों से भी उसका झगड़ा होता रहता था। रवि पर झूठा आरोप लगाकर वह पहले भी उसे जान से मारने की धमकी दे चुका था।

जानकारी के अनुसार, गोली लगने के बाद रवि को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उसे सदर अस्पताल, आरा लाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों तक पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

# ललन से मिले निशांत, राजनीतिक हलचल तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** निशांत कुमार के जेडीयू में शामिल होने के बाद उनकी सक्रियता लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में उन्होंने वरिष्ठ नेता ललन सिंह से मुलाकात की। यह मुलाकात उनके आवास पर हुई, जिसे काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार बैठक काफी गोपनीय रही। इससे बिहार की राजनीति में नई चर्चाएं तेज हो गई हैं। बैठक में मौजूदा राजनीतिक हालात और रणनीति पर चर्चा हुई। ललन सिंह को नीतीश कुमार का करीबी माना जाता है। दोनों के बीच चार दशक से ज्यादा पुराना संबंध रहा है।

ऐसे में निशांत के लिए यह मुलाकात खास मानी जा रही है। उन्हें पार्टी और राजनीति की बारीकियों की जानकारी दी जा रही है। नई पारी को लेकर वे लगातार सीखने की कोशिश में हैं।इससे एक दिन पहले निशांत अरुण कुमार के घर भी गए थे। अरुण कुमार हाल ही में जेडीयू में शामिल हुए हैं। वे



भूमिहार समाज से आते हैं और समता पार्टी के समय से नीतीश के साथ रहे हैं।हालांकि बीच में उनका नीतीश कुमार से अलगाव भी हुआ था। वर्तमान में उनके पुत्र ऋतुराज कुमार घोसी से जेडीयू विधायक हैं।

इस मुलाकात को सामाजिक और राजनीतिक समीकरण से जोड़कर देखा जा रहा है। निशांत हाल ही में जेडीयू विधायक समृद्ध वर्मा के घर भी गए थे। वहां उन्होंने उनकी पुत्री के जन्मदिन समारोह में हिस्सा लिया।

इस दौरान कई युवा नेताओं से उनकी बातचीत हुई। इससे पार्टी के युवा वर्ग में उनका संपर्क बढ़ रहा है। छोटे-छोटे आयोजनों में भी उनकी उपस्थिति चर्चा में है। इसे जमीनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति माना जा रहा है। पिछले दो हफ्तों में निशांत कई नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। वे विधायकों और कार्यकताओं से फीडबैक भी ले रहे हैं। आगामी बिहार यात्रा को लेकर तैयारी कर रहे हैं।

इफ्तार पार्टी में भी उनकी सक्रिय मौजूदगी देखी गई। विभिन्न वर्गों के नेताओं से संवाद कर रहे हैं। इससे उनकी सक्रिय राजनीति की तस्वीर साफ हो रही है। निशांत को युवा विधायकों का समर्थन मिलता दिख रहा है। उनके साथ एक नई टीम आकार ले रही है। आने वाले समय में संगठन में बदलाव संभव है। ऐसे में निशांत की भूमिका और अहम हो सकती है। कुल मिलाकर वे खुद को सक्रिय और मजबूत नेता के रूप में स्थापित करने में जुटे हैं।

# होंडा ने दोपहिया उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में बढ़ाया कदम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि. ने देश में बढ़ती दोपहिया वाहन मांग को देखते हुए अपनी उत्पादन क्षमता विस्तार की घोषणा की है। कंपनी राजस्थान के अलवर ज़िले स्थित टपूकड़ा प्लांट में तीसरी नई प्रोडक्शन लाइन स्थापित कर रही है। यह नई प्रोडक्शन लाइन वर्ष 2028 तक शुरू होने की योजना है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 6,70,000 यूनिट होगी। इसके साथ ही प्लांट की कुल क्षमता बढ़कर 20.1 लाख यूनिट प्रति वर्ष हो जाएगी। कंपनी के अनुसार, इस विस्तार से 2,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर कंपनी के प्रेसिडेंट एवं सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा कि भारत मोबिलिटी परिवर्तन के नए दौर में प्रवेश कर रहा है और कंपनी इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।

# बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

## गेहूं-मक्का की फसल बर्बाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले दिनों हुई अचानक बारिश और तेज हवा के कारण किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। बेमौसम बारिश ने खासकर गेहूं और मक्का की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों के बीच चिंता और मायूसी का माहौल है स्थानीय किसानों के अनुसार, गेहूं की फसल इस समय कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसल गिर गई और दाने काले पड़ने लगे हैं। वहीं कई जगहों पर कटे हुए गेहूं भी भीगकर खराब हो गए हैं। मक्का की फसल भी तेज हवा और बारिश से खेतों में झुक गई, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की संभावना है किसानों का कहना है कि इस बार पहले ही मौसम की मार झेलनी पड़ी थी और अब बेमौसम बारिश ने बची-खुची उम्मीद भी खत्म कर दी। कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी, ऐसे में फसल बर्बाद होने से आर्थिक संकट गहरा गया है मौसम विभाग ने पहले ही बिहार में तेज बारिश और आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की थी, जिसके चलते कई जिलों में रबी फसलों को नुकसान पहुंचा है विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की असमय बारिश से गेहूं और मक्का जैसी फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। कृषि विभाग द्वारा नुकसान का आकलन किए जाने की बात कही जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के कई हिस्सों में गेहूं और मक्का की फसलों को भारी क्षति पहुंची है और सर्वे की प्रक्रिया शुरू की जा रही है किसानों ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो आने वाले समय में खेती करना और भी मुश्किल हो जाएगा।

# गिरफ्तार खनन पदाधिकारी थाने से हुआ फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में खनन माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत का एक नया और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गोपालगंज जिले में अवैध बालू खनन के आरोपी खनन निरीक्षक सौरभ अभिषेक को पुलिस ने गिरफ्तार किया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद वह नाटकीय ढंग से थाने से फरार हो गया। इस घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है और विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सदर प्रखंड के दियारा क्षेत्र में स्थित 12 बालू घाटों की इस सत्र में नीलामी नहीं हुई थी। जब जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने इस बारे में पूछताछ की, तो खनन विभाग की ओर से रिपोर्ट दी गई कि जिले में अब कोई बालू घाट बचा ही नहीं है और वे सभी अब खेती योग्य भूमि बन चुके हैं। संदेह होने पर शुक्रवार को डीएम खुद स्थलीय निरीक्षण के लिए निकले। इस दौरान आरोपी निरीक्षक सौरभ अभिषेक ने डीएम को गुमराह करने की हरसंभव कोशिश की। वह डीएम को वास्तविक बालू घाटों पर ले जाने के बजाय करीब चार किलोमीटर तक इधर-उधर घुमाता रहा। अधिकारी की चालाकी को भांपते हुए डीएम खुद सीधे घाटों पर पहुंच गए। वहां न केवल बड़े पैमाने पर अवैध खनन होता पाया गया, बल्कि निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि डीएम के आने की सूचना पाकर आनन-फानन में जेसीबी और डंपरों को वहां से हटाया गया था। डीएम ने इसे सरकारी कार्य में बाधा और धोखाधड़ी मानते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। जादोपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार के मुताबिक, डीएम के निर्देश पर केस दर्ज कर माइनिंग इंस्पेक्टर को हिरासत में ले लिया गया था। डीएम पवन कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया कि नीलामी न होने के पीछे खनन निरीक्षक की संलिप्तता पूरी तरह उजागर हो गई है। गिरफ्तारी के बाद देर शाम खबर आई कि आरोपी निरीक्षक सौरभ अभिषेक जादोपुर थाने से फरार हो गया है। देर रात विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की।

एक सरकारी अधिकारी का पुलिस अभिरक्षा से भाग जाना जिले के पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी फजीहत का सबब बन गया है।

# खादी मिशन के अध्यक्ष वाल विजय भाई के निधन पर शोक सभा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, लोक समिति,बिहार नशाबंदी परिषद,सर्वोदय समाज के संयुक्त तत्वाधान में संत विनोबा भावे के अनुयाई बाल विजय भाई के निधन पर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि उनके निधन से खादी आंदोलन को अपूरणीय क्षति हुई है,जिसका भरपाई अभी तत्काल संभव नहीं है।

सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ने कहा कि प्रख्यात सामाजिक चिंतक,भूदान , खादी जगत के प्रणेता आचार्य बाल विजय भाई के 100वर्ष पर निधन से हम सभी सर्वोदय समाज के लोगों को गहरा आघात पहुंचा है,लोग सदमे में है, कि हमने राष्ट्रीय स्तर का चिंतक,विचारक को खो दिया,भगवान उनके आत्मा को शांति प्रदान करे। सर्वोदय समाज के वरिष्ठ साथी प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि खादी जगत का पहचान देने वाले बाल विजय भाई के निधन से पूरा खादी जगत मर्माहत है,उनके आत्मा की शांति मिले ,ऐसा भगवान से हम प्रार्थना करते है।उन्होंने 45वर्षों से ज्यादा दिनों तक खादी जगत को मार्गदर्शन दिया, और रास्ता दिखाया।

शोक सभा को ऊषा,क्रांति बहन,दिलीप कुमार,मनीष प्रकाश,सुभाष यदुवंशी, मनोज कुमार, अरब भैया,केशव कश्यप,सज्जन कुमार,गोलू राजा, सुजीत राय,सुमित कुमार,संजय मांझी,के अलावा और भी कई लोगों ने उनके निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

# सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए प्रसव पूर्व जांच करने पर जोर : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी दिशा में सभी गर्भवती महिलाओं में एचआईवी, सिफलिस ( यौन संक्रमण से फैलने वाले रोग) एवं हेपाटाइटिस के संक्रमण की पहचान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस हेतु मिशन मोड में राज्य के अंदर सभी गर्भवती महिलाओं के प्रथम तिमाही में ही एचआईवी, सिफलिस एवं हेपाटाईटिस की जांच शुरू कर दी गयी है। यह जांच महीने की 9, 15 और 21 तारीख को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में एचआईवी एवं सिफलिस के प्रसार को रोकना और नियंत्रित करके मातृ और शिशु स्वास्थ्य परिणाम में सुधार करना है। राज्य के अंदर सतत विकास लक्ष्य की पूर्ति के लिए मिशन एड्स सुरक्षा अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके तहत एचआईवी, सिफलिस और हेपेटाइटिस के लिए दिसंबर 2026 तक लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य और जिला स्तर पर मिशन मोड दृष्टिकोण एवं समेकित प्रयास की आवश्यकता है। जिलों को स्पष्ट निर्देश भी दिए गए हैं। सभी लेबर रूम, डिलीवरी प्वाइंट, आरोग्य सत्र दिवसों की साइट पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए ड्यूल एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस किट के माध्यम से जांच सुनिश्चित की जा रही है। सभी संस्थानों में आवश्यकतानुसार एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस किट सुनिश्चितता किया गया है। एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिलाओं के लिए एआरटी उपचार की ससमय शुरूआत की जाएगी और सिफलिस से संक्रमित माताओं के लिए उपचार एवं फॉलोअप मार्गदर्शिका के अनुसार की जाएगी। सभी एक्सपोज्ड शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद नजदीकी एसएनसीयू में भर्ती किया जाएगा ताकि आवश्यक मूल्यांकन करते हुए उपचार मार्गदर्शिका के अनुसार संभव हो सके। सभी एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिलाओं की 32 - 36 सप्ताह की गर्भावस्था में वायरल लोड जांच अनिवार्य की गयी है। सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों में किए गए एचआईवी और सिफलिस स्क्रीनिंग में रिएक्टिव पाए जाने वाले व्यक्तियों को नजदीकी एसटीडी केंद्रों से समन्वय स्थापित करते हुए एचआईवी और सिफलिस से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। श्री पांडेय ने कहा कि सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में कार्यरत सेवा प्रदाताओं चिकित्सकों, आशा, नर्सिंग कर्मियों तथा अन्य लोगों का नियमित अंतराल पर क्षमतावर्धन किया जाएगा। हॉटस्पॉट, सुदूर क्षेत्रों, उच्च एचआईवी प्रसार वाले क्षेत्रों में एचआईवी संक्रमितों की पहचान के लिए आवश्यकतानुसार समेकित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नियमित अंतराल पर सुनिश्चित की जाएगी।

# बिहार दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने दी बधाई

## गौरवशाली विरासत को बताया प्रेरणा का स्रोत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने बिहार दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी होने के साथ-साथ ज्ञान, साधना, अहिंसा, करुणा और प्रेम की पावन भूमि है जिसने युगों-युगों से मानव सभ्यता को दिशा और प्रकाश प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि बोधगया में भगवान बुद्ध ने अहिंसा और शांति का संदेश दिया, वहीं वैशाली में भगवान महावीर ने त्याग और करुणा का दिव्य उपदेश दिया। साथ ही वैशाली को विश्व के प्रथम गणतंत्र के रूप में उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यहां से लोकतांत्रिक चेतना की अमर नींव रखी गई। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि आचार्य चाणक्य, आर्यभट्ट और नालंदा तथा विक्रमशिला की ज्ञान परंपरा ने सदियों तक पूरे विश्व को नीति, विज्ञान और शिक्षा का अमृत प्रदान किया। उन्होंने बिहार दिवस को आधुनिक बिहार के गठन और उसके गौरव का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस दिवस का उद्देश्य राज्य की गरिमा को पुनर्स्थापित करना और हर बिहारवासी के मन में गर्व की भावना को नई ऊर्जा देना है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उन महान विभूतियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है जिन्होंने अपनी साधना, तपस्या और बलिदान से इस धरती को गौरवान्वित किया। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि यह दिवस हमें हमारी महान परंपरा की याद दिलाता है जिसने न केवल भारत बल्कि पूरी मानवता को नई दिशा, दृष्टि और चेतना दी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि इस अवसर पर सभी मिलकर संकल्प लें कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए राज्य के विकास और उत्थान में अपना सर्वोत्तम योगदान देंगे, ताकि एक विकसित, आत्मनिर्भर, सशक्त और गौरवशाली बिहार का निर्माण किया जा सके।

# 28 और 29 मार्च को मगही महोत्सव का आयोजन

## गया घराने की गायकी से होगा महोत्सव का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आगामी 28 और 29 मार्च को मगही भाषा, साहित्य-संस्कृति-सिनेमा, लोक कला, लोक गायन, इतिहास-परंपरा का दो दिवसीय उत्सव आयोजित होने जा रहा है। यह महोत्सव पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में आयोजित किया जाएगा जो सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 7 बजे तक चलेगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मगही लोक भाषा, साहित्य, संस्कृति और संगीत में विमर्श को बढ़ावा देना है। आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के जरिए मगही की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। मगही महोत्सव के संयोजक रविशंकर उपाध्याय, विजेता चंदेल और उज्ज्वल कुमार ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में पहले दिन मगही भाषा, साहित्य-संस्कृति, लोक-कला, लोक-गायन, इतिहास व परंपरा आदि को लेकर विविध सत्र आयोजित होंगे वहीं दूसरे दिन मगही फिल्म महोत्सव में मगही भाषा की फिल्में दिखाई जाएगी। महोत्सव का शुभारंभ गयाजी संगीत घराना की गायकी से होगा वहीं आयोजन के दरम्यान मगध के पर्यटन स्थलों की फोटो प्रदर्शनी के साथ मगही भाषा के पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगेगी। मगही महोत्सव में कई रोचक और ज्ञानवर्धक सत्र व गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें विमर्श और परिचर्चा के सत्र होंगे जहां मगही भाषा और साहित्य पर गहन चर्चा होगी। इसके अलावा युवा और नव उद्यमियों के साथ संवाद का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें नई पीढ़ी को मगही संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। लोक गायन और मगही कवि सम्मेलन के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। साथ ही फिल्म फेस्टिवल का आयोजन इस महोत्सव को और भी उत्सवी बनाएंगे। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन में मगही भाषा और साहित्य के क्षेत्र में देश और प्रदेश में कार्यरत प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी।

# मृत्यु प्रमाण पत्र की परेशानी खत्म, 24 घंटे में परिजनों को मिलेगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की पंचायतों में 24 घंटे के अंदर अनिवार्य रूप से मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र उनके परिजनों को मिल जाएगा। पंचायती राज विभाग की तैयारी है कि पंचायत सचिव के माध्यम से हर हाल में निर्धारित समय के अंदर मृत्यु प्रमाणपत्र उपलब्ध करा दिया जाए। इसका प्रस्ताव पंचायती राज विभाग ने तैयार कर लिया है। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने बताया है कि अब एप के जरिए काम जल्द हो जाएगा। विभाग वार्ड सदस्यों को इसकी जिम्मेदारी देने जा रहा है जिसके लिए उन्हें मासिक भुगतान भी दिया जाएगा। नई व्यवस्था से आम जनों को दलाल और बिचौलियों से मुक्ति मिल जाएगी।

शीर्षस्तर पर मंजूरी के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। अभी पंचायतों में मृत्यु प्रमाणपत्र 21 दिनों के अंदर मिलता है। पंचायतों के निकट के श्मशान तथा कब्रिस्तान के निकट के वार्ड सदस्य को मृतक व्यक्ति की पहचान का जिम्मा देने की तैयारी है। इसके लिए वार्ड सदस्य को प्रतिमाह दो-दो हजार रुपये देने का प्रस्ताव है। साथ ही प्रत्येक मृतक की पहचान कर पूरी जानकारी देने और सफाई के लिए अलग से 100 रुपये भी देने का प्रस्ताव है। वार्ड सदस्य की अनुपलब्धता की स्थिति में कोई अन्य कर्मी इसके लिए प्रतिनियुक्त किए जाएंगे। मृतक के संबंध में परिवार, पड़ोसी या गांव के लोगों से सूचना ली जाएगी। पंचायती राज विभाग पंचायतों के निकट के श्मशान धाट को मोक्षधाम के रूप में भी विकसित करेगा। इसके लिए प्रत्येक श्मशान घाट में 19 लाख रुपये खर्च कर यहां शेड सहित सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित की जानी है। इसमें पेयजल की उपलब्धता भी शामिल है।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने महिला रेलकर्मियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**हाजीपुर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के उपलक्ष्य में अधिकारी क्लब, पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुनीता सिंह, अध्यक्षा, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने महिलाओं के उत्थान और कार्यों के साथ सामंजस्य स्थापित करने के विषय में महत्वपूर्ण सलाह महिला रेलकर्मियों के साथ साझा की। कार्यकारिणी की सदस्या श्रुति पांडे ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और उनके निदान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यकारिणी की सदस्या वन्दना कुमार ने अपनी कविता से कार्यक्रम को उर्जावान बनाया वहीं, कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव ने अपने गायन से कार्यक्रम में आए सभी श्रोतागण को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरक्षा विभाग, हाजीपुर द्वारा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और उससे बचने के उपायों के बारे में रेलकर्मियों को सजग किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे जोन से चयनित 16 उत्कृष्ट महिला रेल कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा निशी कुमारी, एकाउंटेंट, हाजीपुर को नई दिल्ली में आयोजित आरडब्लूसीसीओ द्वारा सम्मानित किए जाने पर विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं।

# 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' थीम के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इस बार बिहार दिवस के मौके पर 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' थीम के अंतर्गत अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग की तरफ से महिला एवं बाल विकास निगम को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। गांधी मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाली विभिन्न इकाइयों की तरफ से उनकी योजनाओं, उपलब्धियों एवं सेवाओं के प्रदर्शन के लिए थीम-आधारित पवेलियन/स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इन पवेलियनों के जरिए आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा विभाग के पलेवियन में इस बार सूबे की पारंपरिक कलाओं मसलन लहठी एवं सुजनी कलाओं का प्रदर्शन करने के साथ-साथ महिला उद्यमियों के उत्पादों का प्रदर्शन-सह-विपणन करने के लिए भी पर्याप्त स्थल उपलब्ध कराया गया है। विभाग की इकाईयों में समाज कल्याण निदेशालय, आई.सी.डी.एस. निदेशालय, राज्य आयुक्त निशक्तता कार्यालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, स्टेट सोसाइटी फॉर अल्ट्रा पूअर एंड सोशल वेलफेयर एवं राज्य बाल संरक्षण समिति आयोजन में शामिल रहेंगे।

# बिहार दिवस की पूर्व संध्या पर जंदाहा में 'बिहार महोत्सव' का आयोजन, सांस्कृतिक रंगों से सजा मंच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर / वैशाली।** बिहार दिवस की पूर्व संध्या पर आज जंदाहा स्थित एक विद्यालय परिसर में 'बिहार महोत्सव 2026' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं और आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम का संयोजन प्रसिद्ध कवयित्री वर्षा ठाकुर द्वारा किया गया जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आमंत्रित कवि, कलाकार एवं विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में काव्य पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं बिहार की समृद्ध परंपरा की जीवंत झलक देखने को मिली। इस गरिमामयी अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री लखेंद्र पासवान एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बिहार की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजकों के अनुसार इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित एवं प्रचारित करना तथा युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ना है। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी (दिल्ली), दिव्यांश दुष्यंत (उत्तराखंड), विकास बैरागी गुरु (मध्य प्रदेश), प्रियंका मिश्रा (कटनी, मध्य प्रदेश), शिवम सांबरा (लखनऊ) सहित कई प्रसिद्ध हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा (वैशाली) के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संयोजक वर्षा ठाकुर एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं तथा बिहार दिवस के उत्सव को और अधिक विशेष बनाते हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों की भारी भागीदारी रही और 'बिहार महोत्सव 2026' लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। यह आयोजन बिहार दिवस के उत्सव को यादगार बनाने में सफल रहा।

# पटना में 2 अप्रैल को पंचम हनुमान जन्मोत्सव, दो दिवसीय कार्यक्रम की भव्य तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कंकड़बाग टेंपो स्टैंड पर आगामी 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले पंचम हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने की जिसमें कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन दो दिनों तक किया जाएगा। 1 अप्रैल को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, वहीं शाम को निःशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित होगा जिसमें गरीब एवं जरूरतमंद लोगों का इलाज और परामर्श दिया जाएगा। 2 अप्रैल को मेगा हेल्थ कैंप के साथ-साथ 'मां ब्लड बैंक' के सहयोग से रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। इसी दिन संध्या से भव्य हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम शुरू होगा जिसमें देश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है जिसके चेयरमैन मधुप मणि 'पिक्कू' को बनाया गया है।

# शक्तिधाम में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनी गणगौर पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बैंक रोड स्थित शक्तिधाम दादीजी मंदिर में आज प्रातः से ही गणगौर पूजन के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह छह बजे से ही सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचीं। महिलाओं ने प्रसाद की थालियों में खीर, पूरी, गुड़, गेहूं, जौ, दूब, रोली आदि पूजन सामग्री सजाकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से गणगौर माता की पूजा की। मंदिर परिसर का दृश्य अत्यंत मनमोहक था, मानो सम्पूर्ण राजस्थानी संस्कृति शक्तिधाम में साकार हो उठी हो। श्रद्धालु महिलाओं के मधुर भजन और पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आज संध्या में गणगौर माता का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गणगौर पूजा से एक दिन पूर्व श्री राणीसती दादीजी का सिंधारा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दादीजी का विशेष श्रृंगार किया गया, उन्हें मेहंदी लगाई गई, चूड़ा पहनाया गया तथा पूरे मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। साथ ही छप्पन भोग अर्पित किया गया जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं ने लाल-पीली राजस्थानी साड़ियों में सजकर पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से दादीजी का आह्वान किया।

# खादी नेता आचार्य बाल विजय के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, लोक समिति, बिहार नशाबंदी परिषद, सर्वोदय समाज के संयुक्त तत्वावधान में संत विनोबा भावे के अनुयायी बाल विजय के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। तैल चित्र पर माल्यार्पण के बाद दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि उनके निधन से खादी आंदोलन को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई अभी तत्काल संभव नहीं है। सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ने कहा कि प्रख्यात सामाजिक चिंतक, भूदान, खादी जगत के प्रणेता आचार्य बाल विजय के 100 वर्ष पर निधन से हम सभी सर्वोदय समाज के लोगों को गहरा आघात पहुंचा है। लोग सदमे में हैं कि हमने राष्ट्रीय स्तर का चिंतक, विचारक को खो दिया। भगवान उनके आत्मा को शांति प्रदान करें। सर्वोदय समाज के वरिष्ठ साथी प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि खादी जगत की पहचान देने वाले बाल विजय के निधन से पूरा खादी जगत मर्माहत है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने 45 वर्ष से ज्यादा खादी जगत को मार्गदर्शन किया। शोक व्यक्त करने वालों में ऊषा, क्रांति, दिलीप कुमार, मनीष प्रकाश, सुभाष यदुवंशी, मनोज कुमार, अरब, केशव कश्यप, सज्जन कुमार, गोलू राजा, सुजीत राय, सुमित कुमार, संजय मांझी सहित अन्य शामिल है।

# छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना सिटी।** सामाजिक सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में आज बेलवरगंज में 31 चैती छठ व्रत करने वाली महिलाओं में सूप, साड़ी, फल एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप महापौर रेशमी चन्दवंशी, समाजसेवी राजेश राय, कमलनयन श्रीवास्तव, उर्मिला मिश्र, इं. अजय यादव ने लोक आस्था के पर्व छठ की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारम्भ उर्मिला मिश्र के छठ गीत से हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेश राज ने किया। सर्वश्री कंचन देवी, दुलारी देवी, रीना देवी, सुनील पाण्डेय, सोनी देवी, बेबी रानी, सीमा देवी, रीना देवी, राधा देवी, संजू देवी, अंशु देवी, पिंकी देवी, जुली देवी, बजरंगी देवी, रिंकी देवी, ममता देवी, प्रियंका देवी सहित 31 छठ व्रत करने वाली महिलाओं को सूप, साड़ी एवं पूजन सामग्री वितरित किया गया। इस अवसर पर रितु राज, उज्जला राज, मोहित, परितोष, शैल सिंह, सपना रानी, निशु चन्दवंशी, प्रिया, संजना आर्या, डिम्पल, पिंकी शर्मा, प्रियांशी आर्या, रजनी, संध्या जायसवाल, अपराजिता श्रीवास्तव आदि सक्रिय रहे।

# कारीगरों के हित में निरंतर किए जा रहे प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** एमएसएमई-विकास एवं सुविधा कार्याल, पटना द्वारा अरवल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 120 लाभार्थियों/कारीगरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना था। इस अवसर पर सहायक निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, पटना घमंडी लाल मीणा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया एवं रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, पटना आर. के. चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए बताया कि विभाग द्वारा कारीगरों के हित में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र, अरवल, आरएसडीई, पटना तथा एलडीएम, अरवल के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता करते हुए कारीगरों को योजनाओं से जुड़ने एवं अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। तकनीकी सत्र के दौरान प्रतिभागियों को ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग के संबंध में सोनल पटेल तथा सेल्स एवं मार्केटिंग के विषय में अनुपम प्रियदर्शी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

# पूर्वजों के आदर्शों से राष्ट्र निर्माण का संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** 'पूर्वज स्मृति न्यास' के तत्वावधान में विद्यापति भवन, पटना में आयोजित पूर्वज स्मृति समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को अपने पूर्वजों के आदर्शों, मूल्यों एवं उनके योगदान के प्रति जागरूक करना तथा उनसे प्रेरणा लेकर समावेशी एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण करना रहा। इस अवसर पर देश के अनेक प्रतिष्ठित संत-महात्माओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। प्रमुख रूप से स्वामी देवकीनंदन भारद्वाज महाराज, स्वामी चक्रपाणि जी महाराज, स्वामी रंगनाथाधार्य जी महाराज, पद्म भूषण डॉ. सी.पी. ठाकुर, आई.एम.ए. के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, डॉ. शांति राय, समाजसेवी संजय किशोर, लंदन से आये आशुतोष कुमार, आई जी आई एम एस के पूर्व निदेशक अरुण कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. विनोद शर्मा, हेल्थ एंड एनवायरनमेंट टाइम्स के संपादक तथा पूर्वज स्मृति न्यास के संयुक्त सचिव राजेश सिन्हा तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आनंदवर्धन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पूज्य स्वामी राममप्रपन्ना जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति एवं उनका प्रेरणादायक संबोधन रहा। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि पूर्वज केवल हमारे इतिहास का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे हमारे संस्कार, हमारी पहचान और हमारे भविष्य की दिशा हैं। यदि समाज को सशक्त बनाना है तो हमें अपने पूर्वजों के आदर्शों–समानता, सेवा और समर्पण–को जीवन में उतारना होगा। यही मार्ग हमें एक समरस और विकसित भारत की ओर ले जाएगा। पूर्वज स्मृति न्यास के अध्यक्ष डॉ. मृणाल भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि यह समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने मूल्यों से जोड़ना है। पूर्वजों के योगदान को स्मरण कर हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। वहीं, न्यास के महासचिव विनोद कुमार पंकज ने कहा कि पूर्वज स्मृति समारोह समाज में एकता, समरसता और जागरूकता का संदेश देता है। हम सभी का दायित्व है कि हम अपने पूर्वजों के आदर्शों को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मौके पर डॉ राजेश रंजन, डॉ सत्यजीत कुमार सिंह, डॉ निशिकांत कुमार, डॉ मृत्युंजय, बाल्डविन के निदेशक प्रभास कुमार, पूर्व आईजी गिरजानंदन शर्मा, संजय किशोर, बिहार विधानसभा के पूर्व निदेशक अनिमेष कुमार, डॉ रत्नेश चौधरी, डॉ निखिल रंजन, बी एम एस की प्रीति प्रिया, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. अरुण कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों के प्रति पूर्वज स्मृति न्यास ने आभार व्यक्त किया।

# अकीदत के साथ मनायी ईद, दुआओं को उठे हाथ





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** पाक व मुक्कदस माह ए रमजान के उपरांत ईद उल फितर की चांद के दीदार के साथ ही मोबारकबाद का सिलसिला शुरू हो गया। ईद ऊल फितर की नमाज अदाकर लोगों ने अमन व खुशहाली की दुआ की। एक दूसरे से गले लगकर मोबारकबाद दी। इसी क्रम में शनिवार को मनिहारी प्रखंड क्षेत्र में भी ईद-उल-फितर की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। नवाबगंज ईदगाह में भी बडी संख्या में नमाजियों ईद की नमाज अता की। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। नमाज के बाद, लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मिठाइयाँ बाँटीं। इस मौके पर इस्लामिक धर्म गुरूओं ने अपने संबोधन में कहा कि रमजान के महीने में रोजा रखने वाले रोजेदारों को चाहिए कि वे समाज में भाईचारा और सद्भावना को बढ़ावा दें। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें। अपने आचरण से इस्लाम की शिक्षाओं का पालन करें।

उन्होंने यह भी कहा कि ईद का त्योहार हमें आपसी प्रेम और एकता का संदेश देता है, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। मनिहारी प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी ईद की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। स्थानीय प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था की संधारण और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। त्योहार परमपरागत रुप से शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, एसडीपीओ बिनोद कुमार, पुलिस निरीक्षक पप्पु कुमार, बीडीओ सनत कुमार, थानाध्यक्ष पंकज आनंद, अपर थानाध्यक्ष अलग अलग क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर नजर बनाये हुए थे। सभी मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं और सामूहिक भोज का आयोजन किया।

# मनिहारी में भागवत कथा भक्ति धारा 23 मार्च से

■ अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत कथा वाचक साध्वी दीदी समाहिता भागवत की अमृत भक्ति धारा में गोते लगा सकेगें धमार्नुरागी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** नगर क्षेत्र स्थित हाई स्कूल मैदान में 23 मार्च से 30 मार्च तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन निर्धारित हैं। समिति द्वारा तैयारी अंतिम चरण में है। इसको लेकर आयोजन समिति की ओर से तैयारी जोर-शोर से की गयी है। आयोजन समिति के अध्यक्ष काजल मित्रा, संरक्षक डॉ.ओम प्रकाश पांडे, राजेश कुमार सिंह, रणजीत गुप्ता ने जानकारी दी है कि कथा कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं और धमार्नुरागियों के लिए बैठने, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।आयोजन समिति के संरक्षक डॉ. ओमप्रकाश पांडे, प्रो. बीरेन्द्र सिंह ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साधवी दीदी समाहिता द्वारा भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और धर्म के संदेश से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कथा के पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा की शुरूआत मनिहारी के पावन गंगातट से गंगाजल भरण के साथ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और कन्याएं भाग लेंगी। इसके बाद गंगाजल लेकर श्रद्धालु नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों बिल्टु झा, अजय मंडल, अवकाश प्राप्त प्राचार्य शंकर सिंह, सुशील मंडल ने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। समिति के पदाधिकारियों ने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागवत कथा की ज्ञान गंगा में अवगाहन करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। शनिवार को को हुई तैयारी की बैठक में प्रो. बीरेन्द्र सिंह, बंटी शर्मा, रंजीत गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बारसोई में ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया, मांगी अमन चैन की दुआ

**बारसोइ/कटिहार (नबिटासं)।** शनिवार को ईद उल फितर का त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। ईद उल फितर का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हो जिसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने चाँक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम किए थे। चौक चौराहे पर एवं ईदगाह तथा मस्जिदों के बाहर पुलिस की तैनाती किए गए थे।



बता दे की ईद खुशी का त्यौहार है इस मौके पर लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई देते हैं। एक दूसरे के घर जाकर सेवइयां खाते हैं। दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे से मिलकर ईद की मुबारकबाद देकर भाईचारा का संदेश देते हैं। प्रखंड के विभिन्न मस्जिद एवं ईदगाह में सुबह 8:00 बजे से लेकर 9:30 बजे तक ईद की नमाज अदाकी गई। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि पूरे अनुमंडल में ईद की नमाज शांतिपूर्वक वातावरण में संपन्न हुई है। अनुमंडल के जनता एवं प्रशासन को इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। सभी लोगों ने पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अपनी अपनी सहयोग दिया है। इस अवसर पर सर्किल इंस्पेक्टर तरुण कुमार तरुणेश, बारसोई थानाध्यक्ष उमेश कुमार,आबादपुर थानाध्यक्ष शादाब अहमद आदि प्रखंड के सभी थानाध्यक्ष ने अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते देखे गये।

### तीसरे दिन मां चन्द्रघंटा की आराधना

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** वासंती नवरात्र के तीसरे दिन सनातन धर्मावलंबियों ने देवी दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चन्द्रघंटा की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। क्षेत्र के विभिन्न चैती दुर्गा पूजा मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न की और सुख-शांति की कामना की। नगर के अर्द्धनारीश्वर गौड़ीशंकर महादेव मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप की पूजा धमार्चार्यों द्वारा वैदिक रीति से कराई गई। इस



दौरान पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्यता, प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघंटेति विश्रुताह्व मंत्र के साथ मां चन्द्रघंटा का आह्वान किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। महिला, पुरुष और बच्चे सभी भक्ति भाव में लीन नजर आए। भजन-कीर्तन और घंटों की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां से परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र में अमन-चैन की कामना की।पूजा के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नवरात्र के इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखा जा रहा है।

### शांतिपूर्वक मनायी गयी ईद

**बलरामपुर/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड प्रखंड क्षेत्र के सभी स्थानों में शनिवार को ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण वातावरण में अकीदत के साथ पढ़ी गयी।ईद की नमाज पढ़ने के लिए मुस्लिम भाइयों ने सात बजे से ईदगाहों एवं मस्जिदों में पहुंचने लगे।जहां सवा नो बजे से लेकर साढ़े नो बजे तक सभी स्थानों में ईद की नमाज अदा कर ली



गयी।शुक्रवार की रात क्षेत्र में जबरदस्त बारिश होने की वजह से बहुत से ईदगाह में नमाज अदा नहीं किया जा सका।लोगों को अपने अपने गांव के मस्जिदों में ही नमाज पढ़नी पड़ी। नमाज के बाद इमाम साहब के द्वारा खुतबा पढ़ा गया। तथा खुतबा खत्म होते ही सबों ने अपने व परिवार सहित देश दुनिया के लोगों के लिए अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी।इसके बाद युवाओं बुजुर्गों एवं बच्चों ने एक दूसरे के साथ गला मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।सभी ईदगाहों में नमाज से पहले ईमाम साहब के द्वारा रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के पद चिन्हों पर चलकर उसकी सुन्नतों पर अमल करने को कहा गया।ईदगाहों एवं मस्जिदों के बाहर सुरक्षा को लेकर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।

# इनामी बदमाश को अवैध हथियार के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के सेमापुर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है। सेमापुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर 25 हजार रूपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। सेमापुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भवानीपुर डुब्बा टोला इलाके में एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी वारदात की तैयारी में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और इलाके में घेराबंदी कर छापेमारी की।

कार्रवाई के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील यादव (42) निवासी भवानीपुर डुब्बा टोला, थाना सेमापुर, जिला कटिहार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सेमापुर थाना कांड संख्या 31/26 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। सेमापुर थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष अमरेश कुमार ने बताया आरोपी पहले से कई मामलों में फरार चल रहा था और उस पर अवैध वसूली समेत विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। उसकी गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सेमापुर क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# आंधी-बारिश से फसल तबाह किसानों को भारी क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। प्रखंड के विभिन्न इलाकों में हजारों किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। खेतों में लगी मक्का,गेहूं सहित अन्य फसल व्यापक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। कई जगहों पर फसल पूरी तरह गिरकर बर्बाद हो गई है। प्रभावित किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज और उधारी लेकर खेती की थी, लेकिन इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी उम्मीदों को तोड़ दिया।



किसान नितेश चौरसिया, अनुज कुमार मेहता और सोनू कुमार सिंह समेत दर्जनों किसानों ने कहा कि उन्होंने मेहनत और कर्ज के सहारे मक्का की खेती की थी, जो अब पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरे बरारी प्रखंड में हजारों एकड़ में लगी मक्का की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। किसानों के सामने अब आर्थिक संकट गहराने की आशंका है।

# ईदगाह में अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत के ईदगाह में अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई। इस मौके पर चित्तौड़िया - बासगड़ा अवस्थित ईदगाह में मुस्लिम भाइयों ने अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दिए। इस मौके पर चित्तौड़िया - बासगाड़ा ईदगाह में इमाम मौलाना अब्दुल खालिक ने अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा करवाते हुए कहा कि मुस्लिम भाई लगातार 30 दिन रमजान के पाक माह में रोजा किए एवं 31 वे दिन ईदगाह में उपस्थित होकर अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा कर हिंदुस्तान के आवाम के अमन चैन की दुआ मांगे। इस अवसर पर चित्तौड़िया - बासगाड़ा ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद याहिया ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी चितौड़िया - बासगाड़ा ईदगाह में मनसाही प्रखंड के चितौड़िया एवं साहेबनगर पंचायत के मुस्लिम भाई एवं बरारी प्रखंड के बासगाढ़ा एवं बेसा बासगाढ़ा के मुस्लिम भाई ईद की नमाज अदा करने आते हैं और ईद की नमाज अदाकर एक दूसरे को ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं लगातार मुस्लिम भाई 30 दिन रोजा में रहे 31वें दिन ईदगाह में पहुंचकर ईद की नमाज अदा किए।

हिंदुस्तान के अमन चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष मो. याहिया वार्ड सदस्य मो. अंसारूल हक, मो. अनिसुर रहमान, मो. मन्नान, सहित मुमताज अली, मो. मुजीबुर रहमान, मो. कलीमुद्दीन, मो. शरीफ, मौलाना अकमल, मौलाना अब्दुल खबिर, मौलाना आताउर रहमान, मो. आरिफ, तैमूर रहमान, अब्दुल हन्नान, मो. जमीर, मो. रिजवी, मो. मुस्तफा आदि उपस्थित रहे ।

# तेज आंधी तूफान एवं वर्षा से मकई की फसल बर्बाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** देर रात्रि बेमौसम आई तेज आंधी तूफान एवं वर्षा होने से मकई की फसल गिरकर बर्बाद हो गया । इस बाबत प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के उपसरपंच मो. माले कुस्तूर उर्फ लाबु आमीन एवं मनोहरपुर पंचायत के उप मुखिया मो. रफीक ने बताया कि बे मौसम वर्षा होने से खेत में खड़ी नगदी फसल में मकई की फसल जिसमें अभी दाना तैयार हो रहा था जो गिरकर पूरी तरीके से बर्बाद हो गया हैं,बे मौसम हुए आंधी तूफान एवं वर्षा होने से किसानों की कमर तोड़ दी हैं।



किसान कर्ज लेकर मकई की खेती किए हैं अब किसान कर्ज वापस कहां से करेंगे। वहीं परिक्षेत्र के कुरेठा,फुलहरा,मरंगी,साहेबनगर, चितौड़िया,मोहनपुर एवं भेड़मारा में मकई की फसल पूरी तरीके से गिरकर बर्बाद तो हुआ ही हुआ साथ ही साथ केला सब्जी की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचा हैं किसानों ने कृषि विभाग के द्वारा जांच कराकर फसल क्षतिपूर्ति की मांग की हैं ।

# परिवार नियोजन पखवारा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डंडखोरा में परिवार नियोजन पखवारा का आयोजन किया गया।जिसके तहत योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के लाभ एवं उसके उपायों की जानकारी दी गई।इस दौरान जहां अस्थायी साधन गर्भ निरोधक गोली एवं कॉपर टी के उपयोग की जानकारी देकर उसके सेवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

वहीं परिवार नियोजन के स्थायी स्थायी साधन बंध्याकरण ऑपरेशन के बारे में बताकर बंध्याकरण कराने को लेकर प्रेरित भी किया गया।इसको लेकर प्रति शनिवार को ऑपरेशन शिविर भी लगाया गया।जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.प्रदीप कुमार ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।विभागीय निदेर्शानुसार योग्य दंपतियों का सर्वेक्षण कराकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने तथा बंध्याकरण ऑपरेशन कराने को लेकर प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि इसी को लेकर सीएचसी में 6 मार्च से 20 तक मार्च परिवार नियोजन पखवारा का आयोजन किया गया।जिसमें तीन दिन बंध्याकरण शिविर भी लगाया गया। डा.कुमार ने बताया कि 13 मार्च को 09 महिला,18 मार्च को 11 महिला एवं 02 पुरुष तथा 20 मार्च को 02 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन के शिविर में 06 महिलाए ऑपरेशन के लिए पहुंची थी।लेकिन जांच में गड़बड़ी पाए जाने से 04 महिलाओं को वापस कर दिया गया।उन्होंने बताया कि पखवारा के तहत 40 ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया था। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक भवेश रंजन,प्रधान सहायक बिनय कुमार, बीसीएम दिलीप कुमार, बीएमएंडई अजीत कुमार, लेखापाल संतोष कुमार उपस्थित रहे ।

# आपसी प्रेम और उल्लास के बीच मनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार

## ईदगाहों में जुटी भीड़, लोगों ने शांति और समृद्धि की मांगी दुआ




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को ईद - उल - फितर का पर्व पूरे हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह होते ही विभिन्न ईदगाहों में नमाज अदा करने वालों की भीड़ जुटने लगी। नगर पंचायत बरारी, लक्ष्मीपुर, पूर्वी बारीनगर, वैशाखाघाट, मरघिया, गुरमेला, शिशिया, कजरा, जगदीशपुर, सिक्कट,बरेटा, बंका, उचला, कांतनगर, सुजापुर, दुगार्पुर, बेशगीविंदपुर, मोहनाचांदपुर और सुखासन सहित कई जगहों के ईदगाहों में तय समय पर शांति के बीच नमाज अदा की गई।

इस दौरान रोजेदारों ने देश की तरक्की, सुख-समृद्धि और अमन की कामना की। नमाज खत्म होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। ईदगाहों के आसपास सौहार्द और एकता का सुंदर दृश्य देखने को मिला। बच्चे नए कपड़ों में काफी खुश नजर आए, वहीं युवा और बुजुर्गों ने भी मिलकर त्योहार की खुशियां बांटीं। मौके पर कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, पूर्व विधायक मंसूर आलम, मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल्लाह, मो. इब्राहिम, मकबूल आलम, जुहैर आलम, मशकूर आलम, मो मिकाइल, मो आलम, मो कलाम, प्रमुख प्रतिनिधि मो इलियास, खैरुल बसर, नियमातुर रहमान, पैक्स अध्यक्ष मो शाहबुद्दीन, मो. शरीफूल, मो. शाहजहां, अबू तालिब, मो मुबारक, जमील अख्तर, मो जाबिर, मंजूर आलम,अशफाक आलम, सैयदुर रहमान, नईम अख्तर, मो बबलू, मो इरफान, मो मुबारक और सऊद आलम आदि ने लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। मौके पर लक्ष्मीपुर मस्जिद में पूर्व मुखिया सह उप प्रमुख प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह संजू ने एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है। त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु बीडीओ धीरेन्द्र धीरज, बीपीआरओ सह बीईओ राज कुमार सिंह, सीओ मनीष कुमार, बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार, सेमापुर थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार, एसआई छोटू कुमार, एसआई दिवाकर सरकार समेत अन्य अधिकारी और पुलिस बल विभिन्न ईदगाहों पर तैनात रहे। पूरे क्षेत्र में कहीं से भी किसी तरह की अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली और पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कुख्यात शराब तस्कर राधामोहन राय गिरफ्तार, कई मामले दर्ज

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पेशेवर शराब कारोबारी राधामोहन राय को गिरफ्तार कर लिया है.वह लंबे समय से फरार था तथा पुलिस उसकी खोज में लगी थी.आखिरकार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे पकड़ लिया.वह थाना क्षेत्र के बसवरिया गांव का निवासी है. पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ घोड़ासहन और चिरैया थाना में आधा दर्जन मामले दर्ज है.थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि राधामोहन राय अवैध शराब के कारोबार में सक्रिय था और क्षेत्र में शराब तस्करी का संचालन करता था.थानाध्यक्ष ने कहा कि और उस पर उत्पाद अधिनियम सहित कई मामले दर्ज है.इधर पुलिस पूछताछ में जुटी है।

### रामनवमी एवं चैती छठ पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना प्रभारी ने रामनवमीं और चैती छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में की , बैठक की अध्यक्षता प्रखंड पदाधिकारी रणधीर कुमार ने की। उन्होंने आम जनप्रतिनिधियों व आगंतुक ग्रामीणो को भाईचारे के साथ



पर्व मनाने की अपील की, वहीं सी आई रमेश महतो व थाना ध्यक्ष पप्पु पासवान ने कहा कि किसी प्रकार की उपद्रव मचाने वाले की खैर नहीं है, तथा उनके उपर कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी, रामनवमी शोभायात्रा के दिन शांति पूर्वक तरीके से जूलुस निकालना होगा, बिना परिमिशन के शोभायात्रा वर्जित है, शोभायात्रा में प्रशासन के द्वारा चौकसी व्यवस्था के साथ मजिस्ट्रेट कायम रहेंगे, बैठक में मौजूद प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों में सफीअहमद मुखिया, बच्चू मुखिया, अलवर देवान, सरपंच महताब, सरपंच देवनारायण बैठा, समाज सेवी परमानन्द प्रसाद, पूर्व मुखिया भिखारी प्रसाद, रामचन्द्र प्रसाद चौरसिया, धीरेंद्र कुमार निराला, गौरीशंकर साह, उपप्रमुख मोहम्मद असलम, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मैनाटांड सब्जी बाजार की डाक संपन्न

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल के मैनाटांड सब्जी बाजार की डाक प्रक्रिया शांतिपूर्ण व पारदर्शी माहौल में संपन्न हो गई। डाक में क्षेत्र के कई इच्छुक लोगों ने भाग लिया और बढ़-चढ़कर बोली लगाई। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मैनाटांड निवासी अशोक प्रसाद के पुत्र रंजित कुमार ने सर्वाधिक बोली लगाकर सब्जी बाजार का ठेका अपने नाम कर लिया। अंतिम चरण तक चली बोली में उन्होंने अन्य सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए बाजी मारी। अंचल प्रशासन की निगरानी में पूरी प्रक्रिया विधि-सम्मत ढंग से पूरी कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि डाक प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही और सभी नियमों का पालन किया गया। स्थानीय लोगों ने नए ठेकेदार से बाजार की व्यवस्था को और बेहतर बनाने, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व अन्य सुविधाओं में सुधार की उम्मीद जताई है, ताकि आम लोगों और व्यापारियों को सुविधा मिल सके।

### पुलिस ने सूखा नशा बेचते दुकानदार को किया गिरफ्तार

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के चमही गांव में नशीले पदार्थों के विरुद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत शुक्रवार की देर रात को एक बड़ी कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर शिकारगंज पुलिस टीम ने चमही गांव में छापेमारी कर करीब 150 ग्राम गांजा सहित अन्य समान को बरामद किया गया है। पुलिस ने छापेमारी कर उक्त गांव निवासी लक्ष्मी साह को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा की विधिवत जब्ती सूची तैयार कर उन्हें जप्त कर लिया गया है। इधर थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने



बताया कि क्षेत्र में युवाओं को नशे की लत से बचाने और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष गोपाल कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### भन्सार नाका पर बड़ी कार्रवाईः हुण्डी कारोबार में एजेंट गिरफ्तार, 20 लाख से अधिक नेपाली मुद्रा बरामद

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से सटे वीरगंज भन्सार नाका पर अवैध हुण्डी कारोबार के खिलाफ सशस्त्र प्रहरी बल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक भन्सार एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 20 लाख रुपये से अधिक नेपाली मुद्रा बरामद की गई है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान विनय शंकर साह तुरहा के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर लंबे समय से हुण्डी लेनदेन में संलिप्त था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सशस्त्र प्रहरी बल को गुप्त



सूचना मिली थी कि भन्सार नाका के रास्ते अवैध रूप से बड़ी मात्रा में धन का आदान-प्रदान किया जा रहा है। इसी आधार पर सुरक्षाबलों ने विशेष जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर आरोपी को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से नेपाली मुद्रा में 20 लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद हुई। इसके अलावा 600 रुपये भारतीय नकद, एक मोटरसाइकिल तथा भन्सार एजेंट का पहचान पत्र भी जब्त किया गया। बरामद रकम का कोई वैध स्रोत प्रस्तुत नहीं किए जाने से मामले में संदेह और गहरा गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी हुण्डी नेटवर्क के जरिए अवैध रूप से धन के लेनदेन में सक्रिय था। सशस्त्र प्रहरी बल के इंचार्ज विकास अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी और बरामद राशि को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है। सीमा क्षेत्र में इस कार्रवाई के बाद अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### चाकू मार बाइक लूट कांड का खुलासा, तीन माह बाद मुंबई से दो अपराधी गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले वर्ष दिसंबर माह में हुई चाकू मारकर बाइक लूट की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। घटना के करीब तीन माह बाद दोनों आरोपियों को मुंबई से पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने बताया कि साठी थाना क्षेत्र के धमौरा निवासी अबुलैश आलम उर्फ अबुलैश (26) एवं राजकुमार उर्फ राज (20) को मुंबई के बांगुर नगर, गोरेगांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से लूटी गई होंडा शाइन बाइक, घटना में प्रयुक्त केटीएम बाइक तथा लूटे गए मोबाइल फोन सहित दो मोबाइल बरामद किए हैं।एसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। अबुलैश आलम के विरुद्ध जुलाई 2021 में साठी थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है, वहीं हरियाणा के सोनीपत में भी जुलाई 2022 में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। दूसरी ओर, राजकुमार के खिलाफ साठी थाना में तीन मामले दर्ज हैं, जिनमें मई 2025 में एक तथा जून 2025 में आर्म्स एक्ट सहित संगीन धाराओं में दो मामले शामिल हैं।घटना 16 दिसंबर 2025 की शाम की है, जब लौरिया से साठी जाने वाली सड़क पर सौराहा गांव स्थित माई स्थान के पास सुनसान इलाके में एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने जमुनिया निवासी विकास कुमार मिश्र को चाकू मारकर उनकी बाइक, मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये लूट लिए थे। इस संबंध में पीड़ित के आवेदन पर लौरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# एमजीसीयू के तृतीय दीक्षांत समारोह को मिली गरिमा, राज्यपाल व उपमुख्यमंत्री की सहमति

## कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने की शिष्टाचार भेंट; उच्च शिक्षा के भविष्य पर हुआ सार्थक संवाद



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के मुख्य प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त के साथ बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारने हेतु औपचारिक आमंत्रण प्रदान किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। इसके उपरांत, कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री को भी तृतीय दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, जिसे उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि एमजीसीयू के आगामी तृतीय दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है, जिससे यह समारोह राष्ट्रीय स्तर पर विशेष महत्व प्राप्त करेगा। राज्यपाल के साथ हुई बैठक में बिहार में उच्च शिक्षा के समग्र परिदृश्य, उससे जुड़ी चुनौतियों एवं संभावनाओं पर गंभीर एवं रचनात्मक विचार-विमर्श हुआ। चर्चा के दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने, तथा विद्यार्थियों को समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष बल दिया गया। कुलपति प्रो. श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक पहलों एवं भावी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। यह शिष्टाचार भेंट न केवल एमजीसीयू के तृतीय दीक्षांत समारोह को और अधिक गरिमामय एवं विशिष्ट बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, बल्कि बिहार में उच्च शिक्षा के विकास को नई दिशा देने वाले सार्थक संवाद के रूप में भी देखा जा रहा है।

### जीविका से लाभान्वित महिला मोबाइल एप्प से जुड़ेगी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र में 58 हजार महिलाओं को 10 हजार की राशि मिली है। राशि मिलने के बाद इस प्रक्रिया को डिजिटल और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सभी महिलाओं को विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप्प से जोड़ा जा रहा है। जानकारी देते हुए जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक रितेश किशोर सहाय ने बताया कि योजना को बेहतर और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से सभी लाभुकों को विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप्प के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। ताकि योजना का सही और सटीक जानकारी सभी को एक साथ मिल सके। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ पाने वाले प्रखंड में 58 हजार लाभुक है जिसमे अबतक 19 हजार से अधिक लोगो को इस एप्प के माध्यम से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि लाभुकों का आधार कार्ड, बैंक खाता और अपना फोटो स्कैन कर इस एप्प में जोड़ा जा रहा है।

## आज होगा बिहार दिवस उत्सव का आयोजन

### बिहार दिवस आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज से 114 वर्ष पूर्व 22 मार्च 1912 को बंगाल से अलग होकर बिहार एक प्रांत के रूप में अस्तित्व में आया। नए प्रांत के गठन के उपलक्ष में 22 मार्च को बिहार दिवस का आयोजन एक उत्सव के रूप में किया जाता है जिसमें बिहार के गौरवशाली इतिहास और परंपरा को जानने और सीखने के साथ - साथ भविष्य के लिए एक नई दिशा तय करने का अवसर प्राप्त होता है। पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन बिहार दिवस को बड़ी धूमधाम के साथ आयोजित कर रहा है जिसमें जिला स्तर से लेकर प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर भी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई है। जिला स्तर पर 8:00 बजे सुबह में पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी के परिसर से स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 9:30 बजे वृक्षारोपण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। दिन में 11:00 बजे से 1:00 बजे अपराह्न तक पेंटिंग प्रतियोगिता, 1:00 से 3:00 बजे अपराह्न तक क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता तथा 3:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। संध्या 5:00 बजे महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह (ऑडिटोरियम) मोतिहारी में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसकी सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिलाधिकारी के द्वारा बिहार दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में जिला वासियों से बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई है। जिलाधिकारी के द्वारा पूर्व के बैठकों में सभी जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि बिहार दिवस के अवसर पर सभी कार्यालय की साफ-सफाई सहित उसे सजाने संवारने का कार्य करेंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण महाअभियान को सफल बनाना होगा: राधा मोहन

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 मौके पर



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के तहत शनिवार को गोविंदगंज विधानसभा अंतर्गत अरेराज लौरिया स्थित होटल राधेश्याम वाटिका में आयोजित अरेराज नगर, ग्रामीण एवं मलाही मंडल के मंडल प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को सांसद राधामोहन सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल राय एवं संचालन राकेश पांडे ने किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राधा मोहन सिंह ने कहा कि कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकताओं के वैचारिक सशक्तिकरण,संगठनात्मक दक्षता और सेवा-भाव के विस्तार का सशक्त माध्यम है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं को संगठित होकर इस प्रशिक्षण महाअभियान को सफल बनाना होगा। मीडिया हो सोशल मीडिया हो या फिर एआई जैसे नवाचार नई तकनीक को अपनाने के लिए बीजेपी हमेशा प्रतिबद्ध है। इसके अलावा पार्टी की विचारधारा हमारी सरकारों की कार्यपद्धति के विषय भी हैं, जिनसे इस कार्यशाला में हिस्सा ले रहे वक्ताओं को अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल राय एवं संचालन राकेश पाण्डेय ने किया। मौके पर पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी, हेमंत मणि, राजाबाबू कुमार, मंडल अध्यक्ष दीपक गिरी, राधेश्याम साह एवं रणधीर कुमार, जयप्रकाश मिश्रा, सूरज पाण्डेय, सुमित शुक्ल, सुंदरम कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बेमौसम हुई बारिश से रबी फसल को नुकसान की आशंका से किसान चिंतित



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की सुबह से हो रही लगातार बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। रबी फसलों के नुकसान की आशंका से किसानों में मायूसी छायी हुई है। खेतों में लगी मसूर, सरसों, गेहूं और मक्का की फसल इस समय पक कर तैयार होने की अवस्था में है, लेकिन बारिश के कारण फसलें खेतों में गिरने लगी हैं। किसानों का कहना है कि इस समय बारिश होने से फसल के दाने काले पड़ने और सड़ने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। कई किसानों ने बताया कि तेज हवा और पानी के कारण गेहूं और मक्का की फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे कटाई में भी परेशानी होगी और उपज घटने की संभावना है। स्थानीय किसान रामनाथ यादव, रामेश्वर राय और मोख्तार यादव सहित अन्य किसानों ने बताया कि इससे पहले धान की फसल के समय भी इसी तरह की बेमौसम बारिश ने भारी नुकसान पहुंचाया था। उस समय तैयार धान खेतों में ही पानी में सड़कर बर्बाद हो गया था। अब रबी फसल के साथ भी वैसी ही स्थिति बनने लगी है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि खेती में पहले ही लागत बढ़ चुकी है। बीज, खाद और सिंचाई पर काफी खर्च करने के बावजूद यदि फसल इस तरह बर्बाद हो जाती है, तो उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। कई किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग करते हुए राहत देने की अपील की है। बेमौसम बारिश ने एक बार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है, जिससे पूरे प्रखंड क्षेत्र में चिंता और निराशा का माहौल बना हुआ है।

### बिजली का तार गिरने से घर में लगी आग, बच्चा गंभीर रूप से झुलसा

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अनुमंडल के रमगढवा प्रखंड क्षेत्र के चढ़वा गांव में शनिवार रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां बिजली का क्षतिग्रस्त तार गिरने से एक घर में भीषण आग लग गई। इस घटना में घर में सो रहा एक बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित शेख जमाल (पिताः शेख भोला) के घर पर शाम के समय आई आंधी के दौरान बिजली का तार टूटकर गिर गया था। उस समय इसकी जानकारी किसी को नहीं हो सकी। रात करीब 10 बजे जैसे ही बिजली आपूर्ति बहाल हुई, गिरे हुए तार में करंट दौड़ने लगा और घर में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की सूचना मिलते-मिलते लपटें विकराल रूप ले चुकी थीं। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था।

# ईद का जश्न, सभी समुदायों ने मिलकर मनाया त्योहार



## दिया सौहार्द का संदेश

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड क्षेत्र के बड़हरवा वार्ड नंबर 05 जगीराहा बिजबनी,घोघीया, शेखौना सहित दर्जनों ईदगाह मस्जिदो में ईद के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।नमाज के उपरांत लोगों ने एक-दूसरे के घरों का दौरा किया और सेवइयों का स्वाद लिया। इस दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया।

जुबैर हाश्मी, हाकिम अंसारी, हारून आलम,अब्दुल करीम, अब्दुल अजीम,कारी मुमताज साहब, मोहम्मद अतीकुर रहमान (डबलू भाई),परवेज आलम (सेठ), एजाज अहमद (मुन्ना भाई),इस्लाम हवारी, एमडी ओजैर, नेक मोहम्मद, शेख टफैल, जुबैर,शकील अख्तर, गुलजार हवारी, अब्दुलखैर,शेख बच्चू, शकर प्रसाद यादव,नागेंद्र प्रसाद यादव (भुवाली राय) मुखिया,संतोष कुमार (उप मुखिया),सहित अन्य लोगों ने ईद के त्योहार पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि एक महीने के रोजे के बाद यह त्योहार आता है, जिसका लोग इंतजार करते हैं। यह त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच हमेशा सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। त्योहारों के अवसर पर सभी लोग एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं देते हैं और खुशियों में शामिल होते हैं।ईद के मौके पर भी कई हिंदू परिवार मुस्लिम भाइयों के घर पहुंचे और सेवइयों का आनंद लिया।स्थानीय नागरिकों के अनुसार, ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। बड़हरवा वार्ड नंबर 05 की यह गंगा-जमुनी तहजीब क्षेत्र में आपसी भाईचारे का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चनपटिया थाना क्षेत्र से दहेज प्रताड़ना का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां ससुराल पक्ष पर विवाहिता के साथ मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और घर से निकाल देने का आरोप लगा है। पीड़िता मुन्नी देवी ने महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, टिकुलिया सोनरा टोला वार्ड 15 निवासी नवल किशोर प्रसाद समेत उनके परिवार के अन्य सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। महिला थानाध्यक्ष श्यामली कमल ने बताया कि शिकायत के आधार पर नवल किशोर प्रसाद, सत्यदेव भगत, कमलावती देवी, संजू देवी, सुभावती देवी और शीला देवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2013 में हुई थी और उसके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। आरोप है कि उसका पति अक्सर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था और मायके से दो लाख रुपये दहेज लाने का दबाव बनाता था। विरोध करने पर उसे अपमानित किया गया और गंभीर रूप से प्रताड़ित किया गया।मुन्नी देवी ने यह भी आरोप लगाया कि एक बार उसके पति ने उसके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए मारपीट की और उसका वीडियो तक बना लिया। घटना के दौरान उसने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने हस्तक्षेप कर उसे अस्पताल पहुंचाया और मामले को शांत कराया।हालांकि, पुलिस के लौटने के बाद ससुराल वालों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी देने का सिलसिला जारी रहा। बाद में पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल पक्ष दहेज की मांग पर अड़ा रहा और पति की दूसरी शादी कराने तक की बात कही। अंततः 7 फरवरी को मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि उस पर गलत कार्य करने के लिए दबाव बनाया जाता था, जिससे उसकी स्थिति और अधिक भयावह हो गई थी।

# नगर व ग्रामीण इलाकों में ईद की नमाज, मुल्क में अमन चैन व भाईचारे की मांगी दुआएं

## बारिश में भी नहीं डिगी आस्था, भीगते हुए अदा हुई ईद की नमाज



**नरकटियागंज/मझौलिया/मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर से लेकर गांव तक शनिवार की सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगो ने ईद की नमाज पढ़ी। मुस्लिम भाइयों ने एक माह का रोजा रखने के बाद अमन व शांति के साथ ईद की नमाज अदा किया। ईद की नमाज नगर के विभिन्न मस्जिदों समेत ग्रामीण क्षेत्र के ईदगाह व मस्जिदों में हर्षोल्लास के साथ पढ़ी गई। ईद की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था भी की गई थी। पुलिस ने नगर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नमाज के दौरान पेट्रोलिंग भी की गई। नमाज के बाद बच्चों से लेकर बुजुर्ग शाम तक एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते रहे। नगर के मुख्य मार्ग स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पहुंचकर ईद की नमाज अदा किया। ईदगाह मस्जिद के इमाम तौकीर अहमद कासमी ने नमाज से पहले लोगों को कहा कि ईद अखलाक व मोहम्मद मोहब्बत का पैगाम देता है, और रोजा हमें अपने नफ्ज को काबू करने का हिदायत देता है। जैसे पूरे 1 माह हम सभी लोग हिंदू मुस्लिम भाईचारे को बढ़ावा दिया। वैसे ही पूरे साल अखलाक व मोहब्बत के साथ जिंदगी गुजारे, यही सबसे बड़ी इंसानियत है। उन्होंने कहा कि अपना शहर शुरू से ही आपसी भाईचारे का गवाह बना रहा है। इसी तरह से सभी लोग एक साथ मिलजुल कर रहे हैं। वहीं अंजुमन इस्लामिया की तरफ से उपस्थित पुलिस प्रशासन व नगर परिषद प्रशासन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत तमाम नगरवासियों को ईद की मुबारकबाद दी गई। इस दौरान दंडाधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। वहीं ईदगाह मस्जिद के समीप, बीडीओ सूरज कुमार सिंह, नप ईओ दिनेश पूरी, शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह, बीपीआरओ विवेक आर्या, सभापति प्रतिनिधि सत्यम श्रीवास्तव, उपसभापति प्रतिनिधि संतोष राज, वार्ड पार्षद कृष्ण प्रसाद देवीलाल समेत अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।मझौलिया प्रतिनिधि के अनुसार ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों में रोजेदारों ने पूरे अकीदत और श्रद्धा के साथ नमाज अदा की। सुबह से ही ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चौन, खुशहाली तथा देश की तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी।ईद के मौके पर बच्चों और युवाओं में खास उत्साह देखने को मिला। नए-नए कपड़े पहनकर लोग ईदगाह पहुंचे और त्योहार की खुशियां आपस में साझा कीं। नमाज के बाद घरों में बने सेवइयां, खीर और तरह-तरह के पकवान बांटकर लोगों ने भाईचारे और सौहार्द की परंपरा को निभाया। गांव और कस्बों में दिनभर ईद की रौनक बनी रही तथा लोग रिश्तेदारों और परिचितों के घर जाकर मुबारकबाद देते रहे।नमाज के दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई, लेकिन इससे नमाजियों का उत्साह जरा भी कम नहीं हुआ। लोग बारिश में भीगते हुए भी पूरी श्रद्धा के साथ नमाज में डटे रहे, जो आस्था और विश्वास का अनोखा दृश्य प्रस्तुत कर रहा था।पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन और थानाध्यक्ष अमर कुमार पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रिय रहे। सभी प्रमुख ईदगाहों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे ईद का त्योहार पूरे प्रखंड में भाईचारे और शांति के साथ संपन्न हुआ। मैनाटांड प्रतिनिधि के अनुसार आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक भाईचारे के साथ मनाया गया। रमजान के पवित्र महीने के 30 रोजे पूरे होने के बाद, क्षेत्र की मस्जिदों प्रमुख ईदगाहों में बड़ी संख्या में नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के दौरान देश में अमन-चौन, तरक्की और आपसी सद्भावना के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।

# बेंदी में रही सरहुल की धूम, पारम्परिक गीत व नृत्य से माहौल हुआ खुशनुमा

## मांदर, नगाड़ों और झांझ की गूंज से सराबोर हुए लोग ▢पहान ने लगाया मौसम का पूर्वानुमान ▢ सखुआ के फूलों से खुशनुमा हुआ माहौल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा प्रखंड के बेंदी पंचायत में आदिवासियों का सबसे बड़ा सांस्कृतिक और धार्मिक महापर्व सरहुल शनिवार को बड़े ही धूमधाम पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। जहाँ एक ओर आधुनिकता के दौर में लोग अपनी जड़ों को भूल रहे हैं, वहीं बेंदी की जनता ने मांदर की थाप और सखुआ के फूलों की खुशबू के बीच अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया। मंगा पहान ने प्रकृति के साथ सामंजस्य की अपील करते हुए महोत्सव का केंद्र बिंदु पारंपरिक पूजा स्थल रहा जहाँ मंगा पहान ने अत्यंत कठोर विधि-विधान के साथ सखुआ (शाल) के कुंज के नीचे पूजा-अर्चना की। सदियों पुरानी परंपरा को जीवित रखते हुए, पहान ने जल पात्र के माध्यम से आने वाले मानसून और आगामी फसलों का पूवार्नुमान लगाया। उन्होंने समाज को संदेश दिया कि यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। मजबूत नेतृत्व में सजा महोत्सव का मंच कार्यक्रम का सफल संचालन और प्रबंधन एक सशक्त आयोजन समिति द्वारा किया गया। अध्यक्ष गुलशन मुंडा और सचिव सुनील अगेरिया के नेतृत्व में पूरी टीम ने महीनों की तैयारी के बाद इस भव्य आयोजन को धरातल पर उतारा। समिति के सक्रिय सदस्य आयोजन को धार देने में सोमर अगेरिया, जोटो मुंडा, रमेश मुंडा, रूपू मुंडा, रायसिंह मुंडा, और रुगू मुंडा का अहम भूमिका रहा। इन युवाओं ने न केवल व्यवस्था संभाली बल्कि अपनी संस्कृति के प्रति समर्पण की एक नई मिसाल पेश की।सांस्कृतिक हुंकार मांदर की थाप पर थिरके कदम जैसे ही पूजा संपन्न हुई, पूरा बेंदी क्षेत्र मांदर नगाड़ों और झांझ की गूंज से सराबोर हो गया। सफेद और लाल रंग की पारंपरिक वेशभूषा में सजे पुरुष और महिलाओं ने सामूहिक झूमर नृत्य कर समां बांध दिया। हाथ में हाथ डाल कर झूमते ग्रामीणों की टोली यह बता रही थी कि एकता ही इस समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।आयोजन समिति ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे अपनी विरासत के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रकृति पूजाः बिना मूर्ति के, साक्षात वृक्षों की पूजा कर पर्यावरण प्रेम का परिचय दिया।

## क्षेत्र में ईद शांतिपूर्ण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में उरवां,ढाब,गजरे, आरागारो एवं चंदवारा में ईद का पर्व हर्षोल्लास आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया।मुस्लिम समाज के लोग अपने अपने ईदगाह में जाकर निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण वातावरण में ईद का नमाज अदा किया। इस दौरान देश दुनिया और प्रखंड में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगो ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दिया।वही चंदवारा प्रखंड में बच्चों और युवाओं में इस पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया।वही घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए और लोगो ने एक दूसरे के घरों पर जाकर खुशियां बांटी।ईद पर्व को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से मुस्तेद देखे गए।ईदगाह स्थाल पर पुलिस के जवान तैनात देखने को मिला जबकि चंदवारा थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार गस्ती करते नजर आए।

# नगर पंचायत हुसैनाबाद में डाक बोली प्रक्रिया संपन्न

## दो बंदोबस्तियों का हुआ आवंटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पलामू।** नगर पंचायत हुसैनाबाद में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सैरात/डाक की डाक बोली प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। सुशील कुमार सिंह एवं बलबीर कुमार सिंह ने क्रमशः व्यावसायिक वाहन और बाजार बंदोबस्ती में उच्चतम बोली लगाकर बंदोबस्ती अपने नाम की।

हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को सैरात/डाक की डाक बोली एवं बंदोबस्ती की प्रक्रिया विधिवत संपन्न कराई गई। यह बंदोबस्ती 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए निर्धारित है। नगर पालिका व्यावसायिक वाहन बंदोबस्ती के लिए 30,54,700 की न्यूनतम आरक्षित राशि तय की गई थी। इस प्रक्रिया में सुशील कुमार सिंह, अंजय कुमार सिंह एवं बलबीर कुमार सिंह ने भाग लिया।

बोली के दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें अंततः सुशील कुमार सिंह वार्ड संख्या-02, मेहंदीनगर ने 30,75,000 की उच्चतम बोली लगाकर बंदोबस्ती अपने नाम की। इसी प्रकार, नगर पालिका बाजार बंदोबस्ती के लिए 7,87,270 की न्यूनतम आरक्षित राशि निर्धारित की गई थी। इस बोली में अंजय कुमार सिंह एवं बलबीर कुमार सिंह शामिल हुए। प्रतिस्पर्धा के बाद बलबीर कुमार सिंह निवासी पॉलडीह, हुसैनाबाद ने 8,03,000 की सर्वोच्च बोली लगाकर बाजार बंदोबस्ती प्राप्त की। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा पूरी डाक बोली प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं नियमों के अनुरूप संपन्न कराया गया। इस मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष अजय कुमार भारती, ईओ शशि शेखर सुमन, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी सहित संबंधित कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित मौजूद रहे।

# हैदरनगर में हिन्दू नववर्ष पर निकली भव्य प्रभात फेरी

## गूंजे जयघोष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हैदरनगर(पलामू)।** चैत शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर हिन्दू नववर्ष के स्वागत में सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा नगर भ्रमण (प्रभात फेरी) का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर हाथों में ध्वज एवं तख्तियां लिए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। प्रभात फेरी के दौरान जय श्री राम और भारत माता की जय के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। नगर भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने अनुशासन और सांस्कृतिक समरसता का परिचय देते हुए लोगों को हिन्दू नववर्ष के महत्व से भी अवगत कराया। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने भी इस आयोजन का स्वागत करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक विंदहवेश्वरी सिंह ने बताया कि हिन्दू नववर्ष की शुरूआत चैत शुक्ल प्रतिपदा से होती है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर शिक्षिका स्नेहलता पाठक सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ईंट लदा ट्रैक्टर नदी में गिरा

**हाजीपुर।** वैशाली जिला मुख्यालय को राघोपुर दियारा से जोड़ने वाले मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। बिदुपुर थाना क्षेत्र के जमींदारी घाट स्थित पीपा पुल पर यह घटना हुई। ईंट लदा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया। इसके बाद वह रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नदी में जा गिरा। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चकौशन की ओर से आ रहा था। चालक ईंट लादकर राघोपुर दियारा की तरफ जा रहा था।

इसी दौरान पीपा पुल पर ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते ट्रैक्टर रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गया। ट्रैक्टर सीधे गंगा नदी में जा समाया। घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला।

हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई है। आशंका जताई जा रही है कि चालक इंजन के नीचे दब गया। या फिर तेज धार में बह गया होगा।

फिलहाल चालक का शव बरामद नहीं हो सका है। स्थानीय लोग और गोताखोर तलाश में जुटे हैं। पुलिस भी रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है।

# 16 वर्षों से हो रही है चैती दुर्गा पूजा, जुटता है भक्तों का हुजूम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा )।** प्रखंड के लहरियाटांड स्थित दुर्गा मंदिर में पिछले 16 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है परंपरा को लहरियाटांड के ग्रामीणों के द्वारा सामूहिक सहयोग राशि मिला कर निभा रहे हैं ग्रामीणों द्वारा सहयोग राशि इकट्ठा कर बड़े ही धूमधाम से हर वर्ष मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं। कलश स्थापना के साथ ही पूजा की शुरूआत हो जाती है जबकि महा अष्टमी और विजयदशमी के दिन विशेष रूप से संस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है। महाअष्टमी से ही भव्य मेले का आयोजन होता है।

इस मेले में क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर मेले का आनंद लेते हैं और श्रद्धालु मां दुर्गा का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। आसपास के गांव खरखार, कटरीयाटांड,पहाड़पुर,नवलशाही के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पहुंचते हैं। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए समिति के द्वारा मंदिर परिसर में ब्रैकेटिंग कर व्यवस्थित तरीके से दर्शन की व्यवस्था की जाती है वहीं महाष्टमी में विजयदशमी के दिन विधि- व्यवस्था बनाए रखने के लिए नवलशाही थाना पुलिस के द्वारा विशेष निगरानी की जाती है। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव ने बताया कि मंदिर आस्था और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि आसपास के क्षेत्र में वासंती दुर्गा पूजा का मेला नहीं लगता था। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कर विधिवत पूजा अर्चना की शुरू की गई और समय के साथ परंपरा आगे बढ़ती गई जो आज भव्य मंदिर का रुप ले चुका है। वर्तमान समय में लहरियाटांड के सभी ग्रामीणों द्वारा स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग देकर पूजा का आयोजन करते हैं। पूजा में प्रतिवर्ष लाखों रुपए का खर्चा आता है जिसे सभी ग्रामीणों मिलकर वहन करते हैं। मेले को सफल बनाने के लिए समिति अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव, सचिव सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर दास,उपाध्यक्ष रवि यादव, सिंटू कुमार राणा, जमुना रवानी, रामधनी यादव,सरजू रवानी,विजय विश्वकर्मा,रामचंद्र यादव,रंजीत यादव विशेष रूप से शामिल रहते हैं।

# बंद खदान से शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

## तरह-तरह के लगाये जा रहे कयास



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर बंद खदान से दिन शनिवार को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। आशंका जतायी जा रही है की पहाड़पुर से एक व्यक्ति दो दिनों से लापता है जो शराब पीकर गिर गया होगा।

लापता व्यक्ति की पहचान रामचंद्र सोनार उम्र 52 वर्ष पिता स्व. दुर्गा सोनार ग्राम पहाड़पुर, थाना नवलशाही निवासी के रुप मे हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र सोनार दो दिनों से लापता है जिसकी खोजबीन लगातार की जा रही थी दिन शनिवार को उनके परिजन खोजबीन करते हुए खदान की ओर गए जहाँ अचानक देखा की एक व्यक्ति पत्थर खदान मे गिरा हुआ है। हो हल्ला करने के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ इक्कठा हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते हीं नवलशाही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

बता दें की शव 150 फिट निचे पत्थर खदान मे है। खदान का सड़क पाँच महीने पहले धंस गया है. जो की खदान बंद है। शव निकालने मे काफी परेशानी हो रही है। खबर लिखे जाने तक शव नहीं निकाला जा सका था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त खदान गुलाम मियां, सकूर अंसारी, महेंद्र वर्मा का बताया जा रहा है।

## बारिश ने दिलायी गर्मी से राहत

**गिरिडीह।** उमस भरी गर्मी के बीच आसमां ने बदलों की चादर ओढ़ ली। इससे एक ओर मौसम सुहाना हो गया तो दूसरी ओर लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। आसमां में काले-काले बादल छाने के बाद मेघगर्जन भी हुई और इसी के साथ बूंदाबांदी भी होने लगी जो राहगीरों व बाजार करने पहुंचे लोगों को हल्के-हल्के भिंगोने का काम किया। आसमान ने बादलों की चादर ओढ़ कर मौसम का मिजाज ही बदल दिया है।

ठंडी हवा का झोंका भी चला और बूंदाबांदी होने से मौसम एकदम बदल गया। आसमान में अब भी काल बादल छाए हैं जो बारिश होने का संकेत दे रहा है। जिले में मौसम ने करवट ली तो कहीं बूंदाबांदी तो कहीं तेज बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने आने वाले एक दो दिनों तक मौसम के ऐसे ही बने रहने की उम्मीद जताई है। विभाग ने जिले के कई हिस्सों में हल्की से लेकर मध्यम बारिश व तेज हवा की संभावना व्यक्त की है। मौसम के बदलने के कारण तापमान में भी गिरावट आई है जिससे गर्मी से राहत महसूस की।

# किडनी दिवस जागरूकता अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अपोलो डायलिसिस क्लीनिक्स ने विश्व किडनी दिवस 2026 के अवसर पर बिहार के अपने 20 केंद्रों में किडनी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित किया। कैरिंग फॉर पीपल, प्रोटेक्टिंग द प्लैनेट और स्क्रीन अर्ली, लिव हेल्दी थीम के तहत इस पहल का उद्देश्य लोगों को किडनी के स्वास्थ्य, समय पर जांच और क्रोनिक किडनी रोग से बचाव के प्रति जागरूक करना था। पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किडनी जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जहां लगभग 100 लोगों की किडनी फंक्शन टेस्ट और 200 से अधिक लोगों की बुनियादी स्वास्थ्य जांच की गई। सुपौल जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन और जिला अधीक्षक शामिल हुए, जिससे 200 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। गया में मरीजों के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जहां जिला अधीक्षक ने मरीजों और आम लोगों को किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तथा इस दौरान वृक्षारोपण भी किया गया। दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों के दौरान डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि किडनी की बीमारी अक्सर बिना किसी लक्षण के चुपचाप बढ़ती है और डायबिटीज व हाई ब्लड प्रेशर इसके प्रमुख कारण हैं। लोगों को नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संगठन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एम. सुधाकर राव ने कहा कि किडनी की बीमारी शुरूआती लक्षणों के बिना विकसित होती है, इसलिए नियमित जांच बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 175 से अधिक केंद्रों के नेटवर्क और 50 लाख से अधिक डायलिसिस सत्रों के अनुभव के साथ संगठन सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण किडनी देखभाल सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एम्बुलेंस हुई दुर्घटनाग्रस्त बच्ची की मौत, चार घायल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित पहाड़पुर मे जे एच 10 सी यू 1384 एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हुई है। इस दुर्घटना मे एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि 4 लोग गंभीर रुप से घायल हुए हैं। मृतका की पहचान डेढ़ वर्षीय आयुषी कुमार पिता नीतीश पाण्डेय एवं घायलों की पहचान चंदन कुमार पाण्डेय उम्र 26 पिता शंभू नाथ पाण्डेय, (ड्राइवर) प्रमिला देवी उम्र 35 वर्ष पति गौरी पाण्डेय, विनोद पाण्डेय पिता सीताराम पाण्डेय,महेश पाण्डेय उम्र 40 वर्ष सभी का ग्राम गूंडरी, ओपो घोड़थम्भा, थाना राजधनवार जिला गिरिडीह निवासी के रुप मे हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त एम्बुलेंस घोड़थम्भा से कोडरमा सदर अस्पताल एक बच्ची को इलाज के लिए सभी लोग जा रहे थे इसी दौरान पहाड़पुर मे एक हाईवा चकमा दे दिया जिससे दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

मृतका की पहचान डेढ़ वर्षीय आयुषी कुमार पिता नीतीश पाण्डेय घायलों की पहचान चंदन कुमार पाण्डेय उम्र 26 पिता शंभू नाथ पाण्डेय (ड्राइवर) प्रमिला देवी उम्र 35 वर्ष पति गौरी पाण्डेय, विनोद पाण्डेय पिता सीताराम पाण्डेय, महेश पाण्डेय उम्र 40 वर्ष सभी का ग्राम गूंडरी, ओपो घोड़थम्भा, थाना राजधनवार जिला गिरिडीह निवासी के रुप मे हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को कुमार क्लिनिक पुरनाडीह ले जाया गया जहाँ एक बच्ची की मौत हो गई जबकि 4 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्रथमिकी उपचार के बाद सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया गया जहाँ सभी का इलाज जारी है।

# सैकड़ों तालाब हुए गायब,गहराया पेयजल संकट

## 55% आबादी अब भी वैकल्पिक जल स्रोतों पर ही निर्भर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इसके अनुरूप पेयजल व्यवस्था मजबूत नहीं हो पाई है। हालात यह हैं कि शहर में पानी की उपलब्धता उत्पादन के स्तर पर पर्याप्त होने के बावजूद वितरण व्यवस्था की खामियों के कारण आधी आबादी आज भी शुद्ध पेयजल से वंचित है।

रांची में जल संकट उत्पादन की कमी से ज्यादा वितरण, प्रबंधन और संरक्षण की विफलता का परिणाम है। यदि समय रहते पाइपलाइन सुधार, जल संरक्षण और नए स्रोतों पर ध्यान नहीं दिया कगया, तो भविष्य में हालात और भयावह हो सकते हैं।

रांची शहर में जलापूर्ति के लिए गेतलसूद (रूक्का), कांके (गोंदा) और हटिया डैम प्रमुख स्रोत हैं। इनमें सबसे बड़ा रूक्का डैम है, जिससे आधे से अधिक शहर को पानी की आपूर्ति होती है। इसके बावजूद नगर निगम क्षेत्र के 53 वार्डों में केवल करीब 45 प्रतिशत घरों तक ही नियमित नल जल पहुंच पा रहा है।

रांची में कुल 2.10 लाख घर हैं, लेकिन अब तक करीब 68 हजार घरों में ही वैध वाटर कनेक्शन दिया जा सका है। हकीकत यह है कि बड़ी संख्या में लोग आज भी चापाकल, कुएं, नदी-नालों और अन्य प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर हैं। जबकि जिम्मेदार विभाग दावा करता है कि शहर के 80 प्रतिशत घरों तक पाइपलाइन से पानी पहुंच रहा है।

रांची में तीनों जलशोधन संयंत्रों से प्रतिदिन करीब 20.43 करोड़ लीटर पानी की आपूर्ति हो रही है, जबकि शहर की जरूरत 16.20 करोड़ लीटर है। यानी उत्पादन के स्तर पर करीब 4.23 करोड़ लीटर पानी अधिक उपलब्ध है। इसके बावजूद शहर में रोजाना लगभग चार करोड़ लीटर पानी की चोरी और बड़े पैमाने पर पाइपलाइन लीकेज से जल की बबार्दी हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह पानी करीब पांच लाख लोगों की जरूरत पूरी कर सकता है।

2011 की जनगणना के अनुसार रांची जिले की आबादी 29.14 लाख थी, जिसमें शहरी क्षेत्र की आबादी 11.37 लाख थी। वर्ष 2024 में शहरी आबादी बढ़कर करीब 15.84 लाख हो चुकी है। इसके बावजूद जलापूर्ति व्यवस्था में अपेक्षित विस्तार नहीं हुआ। आज भी शहर की करीब 55 प्रतिशत आबादी को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। 20 हजार से अधिक ऐसे कनेक्शन हैं, जिनमें पाइप तो लगे हैं, लेकिन पानी नहीं आता।

रांची में भूगर्भ जल स्तर लगातार गिर रहा है। कांके क्षेत्र को ओवर-एक्सप्लॉयटेड घोषित किया जा चुका है, जबकि ओरमांझी और रातू सेमी-क्रिटिकल जोन में हैं। शहर के कई इलाकों में 1000 फीट तक बोरिंग कराने के बावजूद पानी नहीं मिल रहा है। कांके, डोरंडा, कोकर, तुपुदाना, हिनू, एयरपोर्ट, सुकुरहुटू, पुनदाग जैसे क्षेत्रों में बोरवेल सूख चुके हैं। यह संकेत है कि शहर तेजी से जल संकट की ओर बढ़ रहा है।

## छठ व्रतियों को होगी परेशानी

**गयाजी।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ रविवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस पवित्र पर्व को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रशासन और नगर निगम अपनी-अपनी ओर से व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का दावा कर रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। खासकर गयाजी रबर डैम की बदहाल स्थिति छठ व्रतियों के लिए चिंता का बड़ा कारण बनती जा रही है। गयाजी रबर डैम इन दिनों गंदगी और बदबू का केंद्र बन चुका है। पानी की सतह पर कचरा और गंदगी तैर रही है। जबकि लंबे समय से पानी की निकासी नहीं होने के कारण उसमें सड़ांध फैल गई है। हालत यह है कि डैम के आसपास खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में छठ व्रतियों को भगवान भास्कर को अर्घ्य देने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लोगों का कहना है कि हर साल छठ से पहले साफ-सफाई की जाती है। लेकिन इस बार अब तक कोई ठोस पहल नहीं दिख रही है।

## लाखों अभ्यर्थी अपात्र घोषित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित योग्य परिवारों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा कराए गए सर्वे में जिले भर से कुल दो लाख 79 हजार 645 लाभुक परिवारों को शामिल किया गया है। इस सर्वे में विभागीय कर्मियों द्वारा किए गए सर्वे के साथ-साथ लाभुक परिवारों द्वारा स्वयं किए गए सर्वे के आंकड़े भी शामिल हैं।

विभाग द्वारा सर्वे से प्राप्त सूची की प्रथम स्तरीय जांच में एक लाख 77 हजार 405 लाभुक परिवारों को योग्य पाया गया, जबकि एक लाख दो हजार 243 लाभुक परिवारों को विवादित श्रेणी में रखा गया है। विवादित लाभुक परिवारों की अंतिम जांच के लिए विभाग द्वारा दूसरे स्तर की जांच कराई जा रही है। प्रतिनियुक्त अधिकारी एवं कर्मियों द्वारा अब तक विवादित पाए गए लाभुक परिवारों में से एक लाख 168 परिवारों की जांच पूरी कर ली गई है, जबकि शेष दो हजार 51 लाभुक परिवारों की पुर्नजांच की प्रक्रिया जारी है। विभाग ने शेष जांच कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है।

# महुआ चुनने गये बुर्जुग को हाथी ने कुचला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरिया थाना अंतर्गत परसिया पंचायत के बगड़ो गांव निवासी 65 वर्षीय जागेश्वर ठाकुर की गुरुवार को हाथी के हमले में मौत हो गई। वह महुआ चुनने के लिए जंगल गया था। वहीं यह घटना हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जंगल में एक हाथी ने अचानक उस पर हमला कर दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

वन परिसर पदाधिकारी अंशु पांडेय ने बताया कि झुंड से बिछड़ा एक हाथी इस घटना के लिए जिम्मेदार है। कहा कि हाथी अभी भी जंगल क्षेत्र में मौजूद है। उसे भगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक लोग जंगल की ओर न जाएं और पूरी सावधानी बरतें।

मृतक के स्वजन को आपदा राहत कोष से चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की गई है। इसमें तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है, जबकि शेष साढ़े तीन लाख रुपये कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिए जाएंगे।

घटना की सूचना पर मुखिया गीता देवी, भाकपा माले के भोला मंडल, पवन महतो, अशोक तुरी, प्रह्लाद सिंह, बबलू मंडल समेत काफी ग्रामीण पहुंचे थे।

CMYK

## फुटबॉल की वैश्विक संस्था ने इस्राइल पर क्यों लगाया जुर्माना?

### मैक्सिको में नहीं होंगे ईरान के मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा ने इस्राइल फुटबाल संघ पर भेदभाव और नस्लीय दुर्व्यवहार के साथ अपमानजनक व्यवहार और निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों के उल्लंघन से संबंधित अनुशासनात्मक आरोपों के लिए जुर्माना लगाया है। वहीं, वैश्विक निकाय ने फीफा विश्व कप के कार्यक्रम में बदलाव की संभावनाओं को खारिज किया है।
फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने भेदभाव विरोधी



नियमों का उल्लंघन करने के लिए इस्राइल फुटबाल महासंघ पर जुर्माना लगाया है। लेकिन वेस्ट बैंक की बस्तियों में स्थित क्लबों को अनुमति देने के लिए इस्राइल को वैश्विक फुटबाल से निलंबित करने के फलस्तीन के अनुरोध पर कोई कार्रवाई नहीं की है। वहीं, फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने ईरान के विश्व कप मैचों को अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित करने की संभावनाओं को खारिज कर दिया है। इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा चाहता है कि टूर्नामेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़े। फीफा ने इस दौरान फलस्तीनी फुटबाल महासंघ की दो अलग याचिकाओं पर विचार किया। फीफा ने इस्राइल फुटबाल संघ पर भेदभाव और नस्लीय दुर्व्यवहार के साथ अपमानजनक व्यवहार और निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों के उल्लंघन से संबंधित अनुशासनात्मक आरोपों के लिए 190,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 18 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया। फीफा ने फलस्तीनियों के बहिष्कार के लिए जिम्मेदार ठहराया।

## डोप टेस्ट फेल होने पर स्नेहा कोल्लेरी पर कार्रवाई

### AIU ने तीन साल के लिए किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय धाविका स्नेहा कोल्लेरी को डोपिंग उल्लंघन के मामले में एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। भारतीय महिला धाविका स्नेहा कोल्लेरी को डोपिंग उल्लंघन के मामले में तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह फैसला एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने सुनाया है, जिसने उनके दूषित सप्लीमेंट के दावे को खारिज कर दिया।



### क्या है पूरा मामला?

26 वर्षीय कोच्चि की रहने वाली स्नेहा को पिछले साल एशियन चैंपियनशिप टीम से बाहर कर दिया गया था, जब उनका डोप टेस्ट पॉजिटिव आया। 10 मई को चीन के ग्वांगझोउ में प्रतियोगिता के दौरान लिए गए सैंपल में प्रतिबंधित स्टेरॉयड स्टैनोजोलोल पाया गया। जांच में स्टैनोजोलोल मेटाबोलाइट की पुष्टि हुई, जो विश्व एंटी-डोपिंग नियमों के तहत पूरी तरह प्रतिबंधित है।
पहले नेगेटिव, फिर पॉजिटिव कैसे?
दिलचस्प बात यह रही कि पहले किए गए टेस्ट नेगेटिव थे। लेकिन चंडीगढ़ में लिए गए पुराने सैंपल की दोबारा जांच में भी स्टैनोजोलोल पाया गया। इससे एआईयू ने उनके खिलाफ दूसरा डोपिंग चार्ज भी जोड़ दिया।



### आईपीएल 2026: ऑस्ट्रेलिया के 4 दिग्गज शामिल

# शुरुआती मैचों में 9 विदेशी खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग-2026 (आईपीएल 2026) की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है। लीग का 19वां सीजन अपनी शुरुआत से पहले ही बड़े खिलाड़ियों की फिटनेस की समस्या की वजह से चर्चा में है। आईपीएल 2026 के शुरुआती मैचों में फिटनेस और अन्य कारणों से 9 विदेशी खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे। इसमें 4 खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई हैं। आइए देखते हैं कि कौन-कौन से विदेशी खिलाड़ी फिटनेस की समस्या की वजह से आईपीएल के 19वें सीजन के शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के कप्तान पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया) पूरी तरह फिट नहीं है। वह लीग के शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। इस वजह से एसआरएच की कप्तानी ईशान किशन को सौंपी गई है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (ऑस्ट्रेलिया) भी पूरी तरह फिट नहीं हैं और रिकवरी की राह पर हैं। वह 12 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ चौथे लीग मैच से पहले टीम से जुड़ सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया) भी टीम के लिए शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत उन्हें रोका गया है। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाड़ी मैथ्यू शॉर्ट (ऑस्ट्रेलिया) अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन (न्यूजीलैंड) आईपीएल 2026 के शुरुआती 7 मैच नहीं खेल पाएंगे। वह अपनी पत्नी और हाल ही में जन्म लिए बच्चे के साथ समय बिताने के लिए स्वदेश में हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना (श्रीलंका) सीजन के पहले दो सप्ताह के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के स्पिनर वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका) भी चोटिल हैं। उनके शुरुआती मैचों में खेलने पर संशय है। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा (श्रीलंका) कंधे की चोट के कारण श्रीलंका में हैं। बोर्ड द्वारा फिटनेस कराए जाने और पास होने के बाद ही उन्हें आईपीएल से जुड़ने के लिए मंजूरी मिलेगी। शुरुआती मैचों से उनका बाहर रहना तय है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा (श्रीलंका) भी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की फिटनेस टेस्ट में पास होने के बाद ही टीम से जुड़ पाएंगे।

### आईपीएल 2026

# 'एक भी मिनट बर्बाद ना करें'

**बेंगलुरु, एजेंसी।** आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला पिछले बार की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच 28 मार्च को खेला जाना है। मैच आरसीबी के होम ग्राउंड एम.



चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच और पूरे सीजन में अच्छे प्रदर्शन के लिए आरसीबी कैंप में खिलाड़ी जमकर अभ्यास कर रहे हैं। अभ्यास सत्र के दौरान दिग्गज खिलाड़ी और टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने साथी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया और बिना समय गंवाए अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलने की अपील की। कोहली ने कहा कि टाइटल को डिफेंड करने के लिए हमें काफी बेहतर तैयारी के साथ मैदान पर उतरना पड़ेगा। आरसीबी की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभ्यास सत्र का एक वीडियो साझा किया गया है। इसमें विराट कोहली टीम के बाकी खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए दिखाई दिए। कोहली ने कहा, 'पिछले दो से तीन सीजन में हमने काफी कड़ी मेहनत की है, जिसके बाद हम पिछले

- **कोहली ने साथी खिलाड़ियों को दिया गुरु मंत्र**

सीजन ट्रॉफी जीतने में कामयाब हो सके। अब हमारे लिए चीजें और मुश्किल होने वाली हैं क्योंकि दूसरी टीमें और भी बेहतर तैयारी के साथ मैदान पर उतरेंगी। हम सीजन का आगाज होने से पहले इन दिनों को बर्बाद नहीं कर सकते हैं। इसलिए अब हमें पूरी तरह से तैयार हो जाना चाहिए। हम जिस भी सेशन का हिस्सा हैं, उसका एक भी मिनट बर्बाद ना करें। 'विराट ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को अपना 120 प्रतिशत देना होगा।

विराट कोहली 2008 से ही टीम से जुड़े हुए हैं। लंबे समय तक टीम के कप्तान रहे हैं और टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में शीर्ष पर हैं। विराट के प्रदर्शन में निरंतरता रही है। आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। यह टीम का पहला खिताब था। इसमें बतौर बल्लेबाज विराट कोहली की भूमिका बेहद अहम रही थी।



### बीसीसीआई ने जारी किया शेड्यूल

# भारतीय टीम करेगी आयरलैंड का दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया के आयरलैंड दौरे का शेड्यूल शनिवार की सुबह जारी कर दिया। भारतीय टीम 2 टी20 मैचों के लिए जून-2026 में आयरलैंड का दौरा करेगी। बीसीसीआई द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक, भारतीय टीम 26 जून और 28 जून को पहला और दूसरा टी20 मुकाबला खेलेगी। दोनों मुकाबले बेलफास्ट में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम का हाल के कुछ वर्षों में आयरलैंड का यह चौथा दौरा होगा। टीम इंडिया 2018, 2022 और 2023 में भी आयरलैंड के दौरे पर गई थी। वहीं, भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार बेलफास्ट में खेलेगी। आयरलैंड क्रिकेट टीम और आयरलैंड क्रिकेट फैंस को भारतीय टीम के दौरे का हमेशा से इंतजार रहता है। भारतीय टीम को लेकर वहां के फैंस के बीच उत्साह रहता है। बीसीसीआई आयरलैंड दौरे पर युवा खिलाड़ियों की टीम भेजती रही है। देखना होगा कि आगामी दौरे पर सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली वो टीम आयरलैंड जाती है जिसने विश्व कप जीता था, या किसी दूसरे खिलाड़ी की कप्तानी में युवा टीम भेजती है।

भारतीय टीम का टी20 में आयरलैंड के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड सौ प्रतिशत रहा है। दोनों टीमों के बीच 8 मैच खेले गए हैं और सभी मैचों में टीम इंडिया विजयी रही है। आयरलैंड ने भी साल 2026 के लिए अपने शेड्यूल का ऐलान किया है। आयरलैंड भारत के खिलाफ सीरीज से पहले वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज टी20 (28 मई-4 जून तक) खेलेगी। आयरलैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ 5 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। यह सीरीज 5 से 14 अगस्त के बीच खेली जाएगी। अफगानिस्तान में महिलाओं और महिला क्रिकेट टीम के अधिकारों ते हनन के खिलाफ मुखर रही आयरलैंड का अफगानिस्तान टीम के साथ वनडे सीरीज खेलने का फैसला चौंकाने वाला है। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी सारा कीन ने कहा, 'यह फैसला न तो वित्तीय कारणों से लिया गया है और न ही किसी कानूनी मजबूरी में, बल्कि इसे संगठन के व्यापक हित में लिया गया है।'

### आईपीएल 2026 से पहले अंगकृष रघुवंशी का ईडन गार्डन्स में तूफान

# जड़ा 55 गेंदों में शतक, उमरान -रहाणे हुए बुरी तरह फ्लॉप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के खेमे से आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले बड़ी खबरें आ रही हैं। ईडन गार्डन्स में शुक्रवार, 20 मार्च को खेले गए इंट्रा-स्क्वाड प्रैक्टिस मैच में युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने अपने बल्ले से कोहराम मचाते हुए शतकीय पारी खेली। हालांकि, कप्तान अजिंक्य रहाणे और रफ्तार के सौदागर उमरान मलिक के खराब प्रदर्शन ने टीम मैनेजमेंट की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

**अंगकृष रघुवंशी का धमाका, नंबर 3 पर ठोका मैच जिताऊ शतक-** अभी कुछ समय पहले तक अपनी बैटिंग पोजीशन को लेकर सस्पेंस बनाए रखने वाले अंगकृष रघुवंशी ने साफ संकेत दे दिए हैं कि वे ईडन गार्डन्स में नंबर 3 पर खेलने के लिए तैयार हैं।

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रघुवंशी ने महज 55 गेंदों में शानदार शतक जड़ा। शुरुआत में संभलकर खेलने के बाद उन्होंने मिडिल ओवर्स में गियर बदला और टीम को जीत दिलाई। फिन एलन (23 रन) और अनुकूल रॉय (17 गेंदों में 28 रन) ने उनका अच्छा साथ दिया।



### उमरान मलिक और रहाणे की फॉर्म ने बढ़ाई टेंशन

केकेआर के लिए इस मैच में कुछ चिंताजनक पहलू भी रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे केवल 2 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, सबसे ज्यादा निराशा उमरान मलिक ने हाथ लगी।
उमरान ने अपने 3.2 ओवर के स्पेल में 47 रन लुटाए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। खास बात यह रही कि रघुवंशी ने उमरान के एक ही ओवर में 23 रन कूट डाले।
हर्षित राणा की सर्जरी के बाद उनकी अनुपस्थिति में उमरान और कार्तिक त्यागी से काफी उम्मीदें हैं, लेकिन उमरान की यह फॉर्म टीम के लिए खतरे की घंटी है।

- **15 साल की उम्र में इस क्रिकेटर ने रचा इतिहास...**

# टी20 डेब्यू पर जड़ा शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रवांडा की युवा बल्लेबाज फैनी उटागुशिमानिंदे ने टी20 इंटरनेशनल में इतिहास रच दिया है. उन्होंने नाइजीरिया इनविटेशनल विमेंस टी20 टूर्नामेंट में घाना के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में ही शतक जड़ दिया. फैन टी20 डेब्यू पर शतक लगाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई. इसके अलावा वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाली बल्लेबाज भी बन चुकी हैं.

20 मार्च (शुक्रवार) को लागोस के तफावा बालेवा स्क्वायर क्रिकेट ओवल में हुए मुकाबले में फैनी उटागुशिमानिंदे ने 65 गेंदों पर नाबाद 111 रन बनाए, जिसमें 17 चौके शामिल रहे. फैनी ने 15 साल और 223 दिन की उम्र में ये शतक लगाया है. इससे पहले विमेंस टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू पर सबसे बड़ा स्कोर ऑस्ट्रेलिया की करने रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2005 में इंग्लैंड के खिलाफ 96* रन बनाए थे.



**मेन्स टी20 में डेब्यू पर 4 खिलाड़ियों ने जड़े शतक-** मेन्स टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें, तो अब तक चार बल्लेबाज डेब्यू मैच में शतक लगा चुके हैं, लेकिन इनमें कोई भी फुल मेम्बर देश का खिलाड़ी नहीं है. कनाडा के मैथ्यू स्पूर्स ने साल 2022 में फिलीपींस के खिलाफ नाबाद 108 रन बनाए और वो इस सूची में सबसे ऊपर हैं.

# PCB की दखलअंदाजी ने कोच पद से इस्तीफे के लिए किया मजबूर: कर्स्टन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने लगातार बदलते कप्तानों और कोचों की वजह से चर्चा में रहती है। गैरी कर्स्टन को भी पीसीबी ने बड़े शोर गुल के साथ पाकिस्तान टीम का हेड कोच बनाया था, लेकिन उनका कार्यकाल भी निश्चित समय तक नहीं चल सका। कर्स्टन ने इसकी वजह बताई है। पाकिस्तान ने भारतीय टीम को 2011 में वनडे विश्व कप चैंपियन बनाने में बतौर कोच अहम रोल निभाने वाले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी गैरी कर्स्टन को टी20 विश्व कप



2024 से पहले दो साल के अनुबंध पर व्हाइट बॉल क्रिकेट का हेड कोच बनाया था। कर्स्टन ने मुश्किल से 6 माह के बाद अपना पद छोड़ दिया था। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने अब पाकिस्तान टीम के हेड कोच का पद छोड़ने का कारण बताया है। गैरी कर्स्टन ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के दखलअंदाजी की वजह से उन्होंने टीम के हेड कोच का पद छोड़ दिया था। कर्स्टन ने कहा है कि टीम के मामलों में बाहरी दबाव का स्तर इतना ऊंचा था कि खिलाड़ियों के साथ एक स्थिर माहौल बनाना बेहद मुश्किल हो गया।

# 25.20 करोड़ के लायक नहीं हैं ग्रीन!

### केकेआर के महंगे दांव पर दो दिग्गजों ने उठाए गंभीर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल 2026 से पहले एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी शानदार फॉर्म नहीं, बल्कि उनकी भारी-भरकम कीमत और गिरता प्रदर्शन है। कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा मिनी ऑक्शन में 25.20 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद, क्रिकेट जगत के दिग्गजों ने उनकी काबिलियत और केकेआर के इस फैसले पर तीखे सवाल उठाए हैं।

**ग्रेग चैपल का बड़ा बयान-** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने ग्रीन की वर्तमान बल्लेबाजी तकनीक पर गहरी चिंता व्यक्त की है।



स्थ्रह से बात करते हुए चैपल ने कहा, 'मैं इस बात से डरा हुआ हूं कि वे किस दिशा में जा रहे हैं, खासकर अपनी बल्लेबाजी को लेकर। मुझे लगता है कि गेंदबाजी से दूर रहने के समय ने उनकी बल्लेबाजी को भी प्रभावित किया है। उनमें एक महान ऑलराउंडर बनने की प्रतिभा है, लेकिन क्या उनके पास सही निर्णय लेने की क्षमता और मानसिक कौशल है, यह कहना मुश्किल है।' चैपल का मानना है कि वर्तमान तकनीक के साथ ग्रीन के पास रन बनाने के विकल्प बहुत सीमित हैं।

### बद्रीनाथ का तीखा हमला

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने केकेआर के इस महंगे दांव की कड़ी आलोचना की है। अपने यूट्यूब चैनल पर बद्रीनाथ ने कहा, 'आपने उन्हें 25 करोड़ में साइन किया है, जबकि वे बुरी तरह आउट ऑफ फॉर्म हैं। टी20 वर्ल्ड कप में भी वे ऑस्ट्रेलिया के लिए संघर्ष करते दिखे। कैमरन ग्रीन को इतनी बड़ी रकम सिर्फ हाइप की वजह से मिली है। क्या उन्होंने आईपीएल में कभी अकेले दम पर कुछ किया है? ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को हमेशा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और केकेआर का यह कदम एक बड़ी गलती साबित हो सकता है।'

## संक्षिप्त समाचार



### हेलमेट नहीं पहनने वालों के 4 दिन में काटे 17,415 चालान; दिल्ली पुलिस के एक्शन से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली की सड़कों को सुरक्षित बनाने और दोपहिया वाहन चालकों को जीवन के महत्व का अहसास कराने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 16 से 20 मार्च तक विशेष अभियान चलाया। 17415 वाहन चालकों के चालान काटे गए। अभियान का समापन बाबा खड़क सिंह मार्ग स्थित ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में हुआ। इस दौरान पुलिस ने जिन लोगों के चालान काटे उन्हें हेलमेट भी दिया गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त संजय कुमार त्यागी ने हेलमेट को केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन रक्षक कवच बताया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर विजयंता आर्या, दिनेश कुमार गुप्ता, डीसीपी शोभित डी.सक्सेना और एसीपी सुनील चौहान ने युवाओं को सड़क नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। गुप्ता ने बताया कि यह अभियान केवल चालान काटने तक सीमित नहीं था, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी छूने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उन लोगों के वीडियो साक्षात्कार साझा किए गए, जो हेलमेट की वजह से दुर्घटनाओं में बच गए। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के निदेशक और दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के विशेषज्ञों ने बताया कि सिर की छोटी सी चोट भी गंभीर परिणाम ला सकती हैं।

### ऑफिस में कलीग, मैनेजर या बॉस से है तकरार तो अब बनेगी बात

#### महीने में 2 दिन ऐसी शिकायतों का निकलेगा समाधान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** जिले में पब्लिक एवं प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों का आपस में या फिर मैनेजर व विभागाध्यक्ष से हुए विवादों के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के पहले व तीसरे बृहस्पतिवार को लोक व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ व पुलिस कमिश्नर जे. रविन्दर गौड़ ने आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि पब्लिक एवं प्राइवेट सेक्टर से जुड़े विवादों के निस्तारण में लापरवाही हुई तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित थाने के प्रभारी और संबंधित अधिकारी की होगी, जिसके पास शिकायत आएगी। यदि समय पर निस्तारण नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी से रंगदारी मांगी जाती है, धमकी दी जाती है या अवैध वसूली की जाती है तो उसकी शिकायत भी तत्काल करें, जिससे कि आरोपितों पर समय रहते ठोस कार्रवाई की जा सके। डीएम ने बताया कि जिले में सरकारी कार्यालयों के अलावा पब्लिक एवं प्राइवेट सेक्टरों की बड़ी-बड़ी कंपनियां, संस्थाएं, अस्पताल व अन्य संगठन स्थित हैं। यहां बड़ी संख्या में कर्मचारियों की तैनाती रहती है और विभागाध्यक्ष व मैनेजर नियुक्त होते हैं। यहां कर्मचारियों के बीच आपस में या फिर कर्मचारियों और विभागाध्यक्ष के बीच आपसी मनमुटाव होता है, लेकिन मुद्दों को व्यक्तिगत मानकर आपस में साझा नहीं किया जाता। ऐसे मामले कई बार बड़ी घटना का रूप ले लेते हैं। ऐसे में सभी संगठनों से अपील की गई है कि इस प्रकार की कोई समस्या या प्रकरण हो तो अपने निकटतम थाना प्रभारी व संबंधित विभाग को अवश्य बताएं। थाना प्रभारी तत्काल ऐसे मामलों का संज्ञान लेते हुए पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाएं। कानून एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर बीएनएस के तहत कार्रवाई करें। यदि इस तरह के मामलों में लापरवाही की गई तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित थाना प्रभारी की होगी। उनका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए निलंबन व सेवा समाप्ति की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# राशन कार्ड धारकों के लिए अच्छी खबर, अप्रैल में मिलेगा तिगुना अनाज

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सरकार गरीबी रेखा के नीचे आने वाले सभी लोगों को मुफ्त में राशन मुहैया कराती है। इस बीच केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने देश के सभी राशन कार्ड धारकों को अप्रैल महीने में तिगुना अनाज देने का ऐलान किया है। केंद्र सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने इसकी जानकारी दी है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है, 'अप्रैल में सभी लाभार्थियों को तीन महीने (अप्रैल, मई और जून 2026) का राशन एक साथ मिलेगा। इसके लिए सभी लाभार्थी अपनी नजदीकी राशन दुकान से निर्धारित समय पर राशन प्राप्त कर सकते हैं।' आपको बता दें कि सरकार ने फिलहाल इसके पीछे कोई ठोस कारण नहीं बताया है।

41 लाख फर्जी राशन कार्ड खत्म

इससे पहले सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि वर्ष 2025 में 41.41 लाख अपात्र राशन कार्ड खत्म किए गए। राज्यसभा में खाद्य राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया ने बताया कि हरियाणा में सर्वाधिक लगभग 13.43 लाख राशन कार्ड, राजस्थान में 6.05 लाख, उत्तर प्रदेश में 5.97 लाख, पश्चिम बंगाल में 3.74 लाख और मध्य प्रदेश में 2.60 लाख अपात्र राशन कार्ड खत्म किए गए।



बंभानिया ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में प्रौद्योगिकी के उपयोग के परिणामस्वरूप सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अपात्र राशन कार्डों को खत्म करने में सफलता हासिल की है।

उनके अनुसार, वर्ष 2025 में कुल 41.41 लाख फर्जी राशन कार्ड खत्म किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या 48.85 लाख और 2023 में 41.99 लाख थी। बंभानिया ने बताया कि पीडीएस में चल रहे सुधारों के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राशन कार्ड और लाभार्थियों के आंकड़ों का पूरी तरह डिजिटलीकरण किया जा चुका है।

देश की लगभग सभी उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) को खाद्यान्न वितरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक ''प्वाइंट ऑफ सेल'' (ईपीओएस) उपकरणों की स्थापना के माध्यम से स्वचालित किया गया है। इसके अलावा, 99.2 प्रतिशत लाभार्थियों को आधार से जोड़ा जा चुका है और 98.75 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण आधार आधारित बायोमेट्रिक सहित डिजिटल प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा, 'पीडीएस का डिजिटलीकरण दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके और खाद्यान्न की चोरी आदि का समाधान किया जा सके। '

## धूम्रपान नहीं, फिर भी हो रहा फेफड़ों का कैंसर; वायु प्रदूषण की भूमिका पर एम्स करेगा शोध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में फेफड़ों के कैंसर को लेकर गंभीर स्थिति सामने आ रही है। हर वर्ष सामने आने वाले लगभग एक लाख नए मामलों में से करीब 40 प्रतिशत मरीज ऐसे हैं, जिन्होंने कभी धूमपान किया ही नहीं था। यह आंकड़ा इस धारणा को चुनौती देता है कि फेफड़ों का कैंसर धूमपान करने वालों की बीमारी है। यह जानकारी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में रेडियो आंकोलाजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अभिषेक शंकर और प्रोफेसर डा. सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इसके पीछे वायु प्रदूषण, खासकर पीएम 2.5 एक संभावित बड़ा कारण बनकर उभर रहा है, जिसे अब एयरकेयर (एयर पाल्यूशन एंड कैंसर रिसर्च इकोसिस्टम) शोध के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से समझने की आवश्यकता है। डा. अभिषेक शंकर ने बताया कि एयरकेयर शोध एम्स की एक अहम पहल है, जिससे यह पता लगाया जाएगा कि वायु प्रदूषण फेफड़ों के कैंसर को किस हद तक प्रभावित करता है। शोध में फेफड़ों के कैंसर में पीएम 2.5 के साथ-साथ अन्य पर्यावरणीय कारकों के संयुक्त प्रभाव का भी विश्लेषण किया जाएगा। प्रोफेसर सुनील कुमार ने बताया कि शोध में जेनेटिक हिस्ट्री को भी शामिल किया गया है। हम यह समझना चाहते हैं कि क्या कुछ लोग आनुवांशिक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं, जिन पर प्रदूषण का असर ज्यादा पड़ता है। चेतावनी दी कि फेफड़ों के कैंसर के मामले में देर से पहचान सबसे बड़ी चुनौती है। अधिकांश मामलों में बीमारी का पता अंतिम अवस्था में चलता है, जिसके कारण बड़ी संख्या में (करीब 70 प्रतिशत) मरीजों की मौत बीमारी का पता चलने के पहले ही वर्ष में हो जाती है। एक प्रश्न के उत्तर में डा. अभिषेक शंकर ने बताया कि अध्ययन में एनसीआर के करीब 3200 लोगों को शामिल किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 300 नई इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

## लाखों लोगों को होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को परिवहन विभाग और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) से संबंधित चार योजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें रिंग रोड स्थित इंद्रप्रस्थ बस डिपो में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 300 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। वहीं, यमुनापार के नानकसर से गाजियाबाद तक नई अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू की गई। इसके साथ ही डीटीसी के 1800 वर्ग मीटर में बनने वाले दो मंजिला भवन का शिलान्यास किया गया, जिसमें अस्थायी तौर पर डीटीसी के वर्तमान मुख्यालय को स्थानांतरित किया जाएगा। सीएम ने ईवी इंसेंटिव पोर्टल की शुरुआत करते हुए 12,877 लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 24 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की। इस मौके पर परिवहन मंत्री डा. पंकज सिंह व स्थानीय विधायक तरविंदर सिंह मारवाह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले एक वर्ष में डीटीसी द्वारा किए गए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि पहले डीटीसी भारी घाटे में थी, लेकिन अब सरकार के निरंतर प्रयासों से यह धीरे-धीरे वित्तीय संतुलन हो रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में डीटीसी की स्थिति काफी कमजोर हो गई थी। संचालन में अनियमितताएं थीं। संसाधनों का उचित उपयोग नहीं हो पा रहा था। उनकी सरकार ने इन कमियों को दूर करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की है।

**कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए:** मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा बस डिपो के आधुनिकीकरण, आइएसबीटी का पुनर्विकास, डीटीसी कार्यालय के निर्माण, आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना और प्रदूषण जांच प्रणाली (पीयूसीसी) को मजबूत करने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पिछली सरकारों की वित्तीय देनदारियों को भी वर्तमान सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी के संबंध में कहा कि पूर्व में घोषित योजनाओं के बावजूद लाभार्थियों को समय पर सब्सिडी नहीं मिली थी। हमारी सरकार ने इस स्थिति को सुधारा है। वहीं, 300 बसों के शामिल होने से दिल्ली का कुल बस बेड़ा 6100 से ज्यादा का हो गया है। यह बेड़ा मार्च तक 5000 इलेक्ट्रिक बसों के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ा जा रहा है।



**बस चालकों से सीएम ने हाथ जोड़ कर किया अनुरोध:** डीटीसी बसों से हो रहीं दुर्घटनाओं और चालक-परिचालक के बर्ताव ठीक न होने की यात्रियों की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रियों से अच्छे से व्यवहार करें। उन्होंने चालकों से हाथ जोड़कर अनुरोध किया कि वे बसों को सावधानीपूर्वक चलाएं, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इंद्रप्रस्थ डिपो में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने अनुरोध उस समय किया है जब कुछ दिन पहले ही डीटीसी की बस ने पश्चिमी दिल्ली के निहाल विहार में लोगों को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। यहां बता दें कि दिल्ली में वित्तीय वर्ष 2024-25 में डीटीसी और क्लस्टर बसों से लगभग 150 दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 40 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

### परियोजनाओं का पूरा ब्योरा

दिल्ली सरकार ने 300 नई इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत की। इन बसों के शामिल होने से दिल्ली देश का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक बस बेड़ा रखने वाला शहर बन गया है, जिसकी संख्या 4400 से ऊपर पहुंच गई है। सरकार का लक्ष्य 2028-29 तक इसे बढ़ाकर करीब 14,000 बसों तक पहुंचाना है। दिल्ली समेत एनसीआर में कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए नानकसर से गाजियाबाद के पुराना बस स्टैंड तक नई अंतराज्यीय ईवी बस सेवा शुरू की है। इसके तहत अभी तीन बसें करीब 21 किलोमीटर के रूट पर भजनपुरा, लोनी रोड, यूपी बार्डर, पसोंडा, हिंडन एयरपोर्ट और मोहन नगर से गुजरेंगी। ये रोजाना दोनों दिशाओं में 12 ट्रिप करेंगी। यह सेवा सुबह 7:15 बजे से रात 10:10 बजे तक संचालित होगी और इसका अधिकतम किराया 53 रुपये होगा। डीटीसी का नया मुख्यालय बनाया जाएगा। इसलिए वर्तमान मुख्यालय को स्थानांतरित करने के लिए प्रस्तावित दो मंजिला कार्यालय भवन का शिलान्यास किया है। स्थायी भवन के निर्माण तक कामकाज प्रभावित न हो, इसके लिए एक अस्थायी कार्यालय तैयार किया जाएगा। वर्तमान मुख्यालय को खाली कराकर यहां 12 मंजिला डीटीसी मुख्यालय बनाया जाना है। सरकार ने पिछली सरकार के समय की बकाया 12,877 लोगों की सब्सिडी के तौर पर लगभग 24.04 करोड़ रुपये की राशि जारी की। बाकी लंबित मामलों का निपटारा चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। नए आवेदनों के लिए पोर्टल भी खुला रहेगा।

# 60 साल में पहली बार अल-अक्सा मस्जिद ईद में बंद

## ईरान में बाजार सूने; यूएई, कतर और कुवैत में खुले मैदान में नमाज पर रोक

**तेहरान, एजेंसी।** दुनियाभर में ईद का जश्न शुरू हो चुका है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच पिछले 22 दिनों से जंग चल रही है। ऐसे में 60 साल में पहली बार इजराइल के यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद को ईद की नमाज के लिए बंद कर दिया गया है। 1967 के अरब-इजराइल युद्ध के बाद पहली बार है, जब अल-अक्सा को पूरी तरह बंद किया गया है। यह मुसलमानों के लिए मक्का और मदीना के बाद तीसरा सबसे पवित्र स्थल है। ईरान में ईद बाजार वीरान नजर आए। वहीं कतर,҂श्व और कुवैत जैसे देशों में खुले मैदानों में नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी गई है।



**ईद पर पाक-अफगान युद्ध 4 दिन के लिए रुका:** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने ईद-उल-फितर के अवसर पर जंग में अस्थायी विराम की घोषणा की।

जंग को 5 दिनों के लिए रोक दिया गया है। यह कदम सऊदी अरब, तुर्किए और कतर की अपीलों के बाद उठाया गया है। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार नेप कहा कि यह सीजफायर 18/19 मार्च की रात से 23/24 मार्च की रात तक लागू रहेगा। हालांकि, किसी भी सीमा पार हमले, ड्रोन हमले या पाकिस्तान में आतंकवादी घटना होने पर ऑपरेशन तुरंत फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

# जेलेंस्की ने अमेरिका भेजा प्रतिनिधिमंडल, फिर तेज हुईं त्रिपक्षीय वार्ता की कोशिशें

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने एक प्रतिनिधिमंडल अमेरिका भेजा है, ताकि उनके देश पर रूस के आक्रमण को समाप्त करने के लिए थमी हुई वार्ता को आगे बढ़ाया जा सके। वहीं, क्रेमलिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को संकेत दिया कि मॉस्को और कीव के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाली वार्ता का नया दौर जल्द शुरू हो सकता है।



उन्होंने कहा, त्रिपक्षीय वार्ता में अभी तक अहम मुद्दों पर कोई बड़ी प्रगति नहीं हुई है। यह वार्ता रुकी हुई है, क्योंकि ईरान युद्ध दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। जेलेंस्की जल्द वार्ता शुरू करना चाहते हैं और उन्होंने गुरुवार शाम कहा कि उन्होंने प्रतिनिधियों को अमेरिका भेजा है, जिनकी शनिवार को बैठक होने की उम्मीद है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने किसी बैठक की पुष्टि नहीं की है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस उन वार्ताओं में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नए त्रिपक्षीय बैठक का समय और स्थान अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, यह विराम अस्थायी है, हम उम्मीद करते हैं कि त्रिपक्षीय प्रारूप की वार्ता फिर शुरू होगी।

पश्चिमी यूरोपीय अधिकारियों ने पिछले साल कई बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर वार्ता में देरी करने का आरोप लगाया।

पुतिन अपनी सेना का उपयोग करके अधिक यूक्रेनी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। रूस की सेना यूक्रेन के लगभग 20 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर चुकी है।

# हालात वैसे ही हैं: अब्बास अराघची का अमेरिका पर निशाना, वियतनाम युद्ध और फाइव ओ क्लॉक फॉलीज का किया जिक्र

**तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में हर बदलते दिन के साथ संघर्ष और गहराता जा रहा है। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ चल रहे तनाव के बीच वियतनाम युद्ध का उदाहरण देते हुए तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिकी नेतृत्व जमीन की हकीकत से अलग बयान देता था, वैसी ही स्थिति आज ईरान को लेकर भी देखने को मिल रही है। अब्बास अराघची ने अपने बयान में फाइव ओ क्लॉक फॉलीज का जिक्र किया, जो 1960 के दशक में साइगॉन में अमेरिकी सेना की दैनिक प्रेस ब्रीफिंग को कहा जाता था। इन ब्रीफिंग में युद्ध में जीत का दावा किया जाता था, जबकि वास्तविक स्थिति इसके उलट थी। वियतनाम युद्ध में अमेरिका के 50 हजार से अधिक सैनिक मारे गए थे और कुल मिलाकर करीब 30 लाख लोगों की जान गई थी।



**वियतनाम युद्ध पर क्या बोले ईरानी विदेश मंत्री?:** ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि उस समय भी अमेरिकी जनरल विलियम वेस्टमोरलैंड ने देश लौटकर यह भरोसा दिलाया था कि युद्ध में प्रगति हो रही है और जीत करीब है। लेकिन जनवरी 1968 में टेट ऑफेंसिव के बाद यह धारणा पूरी तरह टूट गई, जब उत्तर वियतनाम और वियतकॉन्ग ने एक साथ 100 से ज्यादा शहरों पर हमला किया। अराघची ने मौजूदा हालात की तुलना करते हुए कहा कि आज भी अमेरिकी सरकार और जमीनी सच्चाई में अंतर दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि जहां अमेरिका ईरान की वायु रक्षा प्रणाली के खत्म होने की बात कह रहा है, वहीं एक एफ 35 लड़ाकू विमान को ईरानी हमले के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।

**एफ 35 लड़ाकू विमान पर क्या बोला अमेरिका?:** इस घटना पर अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने कहा कि एक एफ 35 विमान ने ईरान के ऊपर मिशन के बाद क्षेत्रीय एयरबेस पर सुरक्षित लैंडिंग की है और मामले की जांच की जा रही है। अराघची ने यह भी कहा कि अमेरिकी युद्धपोतों की तैनाती को लेकर किए जा रहे दावों के विपरीत, यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड और यूएसएस अब्राहम लिंकन जैसे विमानवाहक पोत अपने अग्रिम मोर्चों से पीछे हटे हैं। हालांकि, जानकारी के अनुसार यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड में आग लगने के बाद उसे मरम्मत के लिए ग्रीस के क्रेट द्वीप की ओर ले जाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह घटना युद्ध से जुड़ी नहीं थी।

**ईरान ने अमेरिकी नुकसान पर किया क्या दावा?:** ईरान का दावा है कि मौजूदा संघर्ष में अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है और करीब 200 घायल हुए हैं। वहीं ईरान में 1400 से अधिक लोगों की जान गई है और 18000 लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने इस संघर्ष में 12 एमक्यू 9 रीपर ड्रोन भी खो दिए हैं और मार्च महीने में चार अन्य मानवयुक्त विमान भी दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं।

**वियतनाम युद्ध और टेट ऑफेंसिव:** उत्तर वियतनाम (वामपंथी) और दक्षिण वियतनाम (अमेरिका समर्थित) के बीच लड़ी गई यह जंग शीत युद्ध की राजनीति से जुड़ी थी। इसमें अमेरिका ने वामपंथ को फैलने से रोकने के लिए हस्तक्षेप किया, जबकि सोवियत संघ और चीन ने उत्तर वियतनाम का समर्थन किया। यह युद्ध 1955 से 1975 तक चला और आखिरकार उत्तर वियतनाम की जीत हुई। इस युद्ध में लाखों लोगों की जान गई और अमेरिका को सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, टेट ऑफेंसिव को वियतनाम युद्ध का निर्णायक मोड़ माना जाता है, जिसने अमेरिका की वापसी की दिशा तय कर दी। 1968 में एक बड़ा सैन्य अभियान हुआ। जो टेट ऑफेंसिव कहलाया। इसमें उत्तर वियतनाम और वियतकॉन्ग ने टेट त्योहार के दौरान अचानक दक्षिण वियतनाम और अमेरिकी ठिकानों पर व्यापक हमले किए। हालांकि अमेरिका और दक्षिण वियतनाम ने इन हमलों को सैन्य रूप से विफल कर दिया, लेकिन इस घटना का मनोवैज्ञानिक असर बहुत गहरा था। इसने अमेरिकी जनता का युद्ध पर भरोसा हिला दिया और यह साफ कर दिया कि वियतनाम युद्ध जीतना आसान नहीं है।

# बोकारो में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया प्रकृति पूजा का प्रमुख पर्व सरहुल





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में आदिवासी समाज द्वारा प्रकृति की पूजा का प्रमुख एवं पारंपरिक पर्व सरहुल आज बड़े ही धूमधाम, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे सरना स्थलों (जाहिर स्थान) पर एकत्र हुए, जहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद श्रद्धालु जुलूस के रूप में नाचते-गाते हुए बिरसा चौक पहुंचे, जहां पूरे जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का सामूहिक उत्सव मनाया गया। सरहुल पर्व को प्रकृति का उत्सव माना जाता है, जो आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। इस दौरान विशेष रूप से सखुआ (साल) के फूलों और वृक्षों की पूजा की जाती है, जो जीवन, समृद्धि और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन का गहरा संदेश भी देता है। आदिवासी समाज सदियों से इस परंपरा के माध्यम से प्रकृति के महत्व को समझता और उसे संरक्षित करने का कार्य करता आ रहा है। इस खास मौके पर जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा और पुलिस अधीक्षक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लोगों को सरहुल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जब पूरा विश्व पर्यावरण संकट का सामना कर रहा है, ऐसे समय में सरहुल जैसे पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पेड़-पौधे और प्राकृतिक संसाधन समाप्त हो जाएंगे, तो मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा, इसलिए हम सभी को मिलकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। सरहुल केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव के बीच संतुलन बनाए रखने की एक सशक्त सांस्कृतिक परंपरा है, जो हमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराती है।

## ईदगाह और मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई ईद की नमाज



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईद-उल-फितर के अवसर पर जिले के सभी ईदगाह और मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर नमाजियों ने देश की खुशहाली, बरकत, अमन और चैन की दुआ मांगी। विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह 7.15 बजे से लेकर 9:00 बजे तक ईद की विशेष नमाज अदा की गई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। सभी थाना क्षेत्र तथा संवेदनशील इलाकों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती थी। सुबह 6:00 बजे से कंट्रोल रूम कार्यरत रहा। कंट्रोल रूम में कहीं से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। कंट्रोल रूम रविवार सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा। ईद-उल-फितर के अवसर पर जिले के झरिया, एना इस्लामपुर, तेतुलमारी, बलियापुर, पूर्वी टुंडी, टुंडी, निरसा, कलियासोल, बाघमारा, एगारकुंड सहित धनबाद के रेलवे ग्राउंड, नया बाजार ईदगाह मस्जिद, टीसी कंपाउंड मस्जिद, हैदरी मस्जिद लोहा मार्केट, मनईटांड़ मस्जिद, नूरी मस्जिद वासेपुर, अब्दुल जब्बार बड़ी मस्जिद वासेपुर, शमशेर नगर ईदगाह, इसलामपुर ईदगाह, नयी मस्जिद वासेपुर, रहमतगंज मस्जिद, सी ब्लाक मदरसा इस्लामिया भूली, डी ब्लाक टाउनशिप ईदगाह भूली, अहसन आलम मस्जिद मारुफगंज, मदीना मस्जिद कुसुण्डा स्टेशन, कोयला नगर मस्जिद, रजा मस्जिद शमशेर नगर, गौसिया भट्ठा मोहल्ला नया बाजार, गौसिया मस्जिद मिल्लतगंज, बगदादी मस्जिद चेक पोस्ट कतरास रोड, जोनल ट्रेनिंग स्कूल वासेपुर, आजाद नगर ईदगाह, मस्जिद अल हिरा फ्रेंड्स कालोनी, मिल्लत मस्जिद मिल्लत कालोनी, मदनी मस्जिद शमशेर नगर, जामा मस्जिद पुराना बाजार, गौसिया मस्जिद आजाद नगर, खैरून निशा मस्जिद गफ्फार कालोनी, आजाद नगर इमामबाड़ा 3 मस्जिद, गुलजारबाग मस्जिद, धनबाद स्टेशन रोड मस्जिद, खाना रोड मस्जिद नया बाजार, अब्दुल गनी मस्जिद बाईपास रोड, यहीया रजा मस्जिद बाईपास रोड, कोला कुसमा ईदगाह, उमर अमन सोसायटी गेट, मस्जिद हुसैन पंडरपाल, मोहसिन आजम मस्जिद, मस्जिद अबू बकर सिद्दीकी रहमत गंज, मोहम्मदी मस्जिद बाईपास रोड, मस्जिद यूसुफ नबीनगर वासेपुर, मक्का मस्जिद कलाली बागान, सिल्वर डाँव ग्राउंड गफ्फार कालोनी, जैबून निशा मस्जिद न्यू आजाद नगर सहित जिले के अन्य ईदगाह व मस्जिद में नमाज अदा की। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की दिली मुबारकबाद दी और एक दूसरे के साथ खुशियां बांटी।

## रील बनाने के क्रम में 6 वर्षीय बालक डैम में डूबा, ईद की खुशियां मातम में बदल गई



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईद की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब एक मासूम बच्चा डैम के गहरे पानी में डूब गया। घटना बोकारो के सेक्टर-4 थाना क्षेत्र स्थित कूलिंग पोंड डैम की है, जहां मुजाहिद अली का 6 वर्षीय बेटा पानी में समा गया। बताया जा रहा है कि मुजाहिद अली दिल्ली से ईद मनाने अपने परिवार के साथ बोकारो आया था। शुक्रवार को वह अपने बच्चों के साथ डैम के पास घूमने गया था। इसी दौरान रील बनाने के क्रम में यह दर्दनाक हादसा हो गया और बच्चा गहरे पानी में चला गया। बच्चे को डूबता देख पिता ने तैरना नहीं आने के बावजूद उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। किसी तरह पिता को तो बचा लिया गया, लेकिन बच्चा का अब तक लापता है। घटना के बाद रात करीब 10 बजे तक स्थानीय स्तर पर खोजबीन की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज ईद के दिन गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची है और बच्चे की तलाश जारी है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है।

## श्री बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जगजीवन नगर धनबाद के सुप्रसिद्ध श्री श्री बालाजी मंदिर के भव्य वार्षिक उत्सव (वार्षिकोत्सव) में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंदिर आचार्य के सानिध्य में विधायक विधिवत पूजन कर समस्त जनमानस की सुख समृद्धि व शांति की मंगल कामना किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से भगवान बालाजी (हनुमान जी) के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने, सामूहिक भक्ति बढ़ाने, मंदिर की स्थापना दिवस (प्राण प्रतिष्ठा) मनाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसमें भजन, शोभायात्रा, सवामणी भोग और महाप्रसाद वितरण के माध्यम से भक्तों को सुकून और आशीर्वाद मिलता है।मौके पर मंदिर समिति ने विधायक को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किए ।

## बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया ईद -उल-फितर




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में पवित्र रमजान महीने के पूरे 30 दिनों की इबादत के बाद आज ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही जिले की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह मैदानों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां लोगों ने ईद की विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश फैलाया। इस मौके पर लोगों ने देश में अमन, शांति और सद्भाव बनाए रखने की दुआ की। नमाजियों ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, संयम और इबादत का प्रतीक है, जिसमें 30 दिनों तक रोजा रखकर इंसान अपने अंदर की बुराइयों को दूर करता है। ईद का दिन उसी इबादत का इनाम लेकर आता है, जो खुशी और आपसी प्रेम का संदेश देता है। लोगों ने यह भी अपील की कि सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक-दूसरे का सम्मान करें और मिलजुलकर देश और राज्य को मजबूत बनाएं। ईद का यह त्योहार हमें समानता, भाईचारा और मोहब्बत के साथ रहने की प्रेरणा देता है, जो समाज में एकता और सौहार्द को और मजबूत करता।

## 22 से 25 मार्च तक मजदूर मैदान में होगा बोकारो सखी महोत्सव 2026

### स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों का होगा प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन, बोकारो द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने तथा उनके द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बोकारो सखी महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 22 मार्च से 25 मार्च 2026 तक मजदूर मैदान बोकारो में आयोजित की जा रही है। आज 22 मार्च, 2026 को मेले का उद्घाटन कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:00 बजे शुभारंभ की जाएगी। इस मेले में काफी संख्या में स्टॉल लगाये जा रहे है, जिसमें फूड स्टॉल भी होगे। पूरा वातावरण मेले के समान होगा जहां नारी सशक्तिकरण का संदेश के साथ साथ कई स्टॉल एसएचजी ग्रुप की महिलाओं के होगे।




इस सखी महोत्सव में जिले के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, पारंपरिक खाद्य उत्पाद, हस्तनिर्मित वस्त्र, सजावटी सामान तथा अन्य स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। यह आयोजन महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि बोकारो सखी महोत्सव, महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक सशक्तता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय उत्पादों को भी नई पहचान मिलेगी। जिला प्रशासन इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्थानीय कला-संस्कृति का प्रदर्शन तथा विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से राज्य समृद्ध परंपरा की झलक भी देखने को मिलेगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव में शामिल होकर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करें तथा स्थानीय उत्पादों का समर्थन करें।

## प्रशासन और समाज के बीच दिखा भाईचारे व सौहार्द का संगम

### डीसी - एसपी ने खुशी जताते हुए गले मिलकर ईद की दी बधाई




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईद के पावन अवसर पर बोकारो स्टील सिटी के सिवनडीह स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत हनफिया गरीब नवाज दरबार में प्रेम, एकता और आपसी भाईचारे का भावनात्मक माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढांडा सहित अन्य अधिकारी दरबार पहुंचे।

**गले मिलकर दी ईद की बधाई**

डीसी - एसपी ने समाज के लोगों से गले मिलकर ईद की दिली बधाई दी। इस आत्मीय मिलन ने प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और अपनत्व की भावना को और मजबूत किया। मौके पर अधिकारियों ने कहा कि ईद का त्योहार हमें प्रेम, त्याग, करुणा और आपसी सम्मान का संदेश देता है। उन्होंने सभी से मिल-जुलकर समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पूरा परिसर खुशियों, दुआओं और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर रहा। हर चेहरा मुस्कान से खिला नजर आया और एक-दूसरे के लिए बेहतर भविष्य की कामनाएं की गईं। यह आयोजन इस बात का प्रतीक बना कि जब प्रशासन और समाज एक साथ मिलकर त्योहार मनाते हैं, तो सामाजिक समरसता और भी प्रगाढ़ होती है।

## बोकारो सखी महोत्सव की तैयारियों का डीडीसी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित होने वाले 'बोकारो सखी महोत्सव 2026' को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आज दिनांक 22 मार्च 2026 को महोत्सव स्थल सेक्टर- 4 स्थित मजदूर मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने स्टॉलों की व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं आगंतुकों के लिए बैठने की सुविधा सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि महोत्सव में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्व सुनिश्चित की जाएं।

**उत्पादों के बेहतर प्रदर्शन पर जोर दिया-**

उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए जाने वाले स्टॉलों की गुणवत्ता, सजावट एवं उत्पादों के बेहतर प्रदर्शन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण मंच है। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि सखी महोत्सव महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस मंच के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकेंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## आईआईटी आइएसएम में ज्ञान और सम्मान का संगम

### कार्यक्रम में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी हुए शामिल




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद स्थित आईआईटी (आइएसएम) में शनिवार को आयोजित प्रथम शताब्दी व्याख्यान कार्यक्रम एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक अवसर बनकर सामने आया। इस गरिमामयी समारोह में देश के प्रख्यात समाजसेवी एवं नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर एक भावनात्मक क्षण तब देखने को मिला जब युवा प्रतिभाओं ने श्री सत्यार्थी को उनका एक सुंदर स्केच भेंट किया। यह सिर्फ एक चित्र नहीं, बल्कि सम्मान, आदर और प्रेरणा का प्रतीक था। श्री सत्यार्थी ने मुस्कुराते हुए इस उपहार को स्वीकार किया, जो युवाओं के मन में उनके प्रति गहरे सम्मान को दशार्ता है। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों के बीच ज्ञान, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता के मूल्यों पर चर्चा हुई। श्री सत्यार्थी ने अपने संबोधन में युवाओं को समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम करने और शिक्षा के माध्यम से बदलाव लाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल व्याख्यान तक सीमित नहीं था, बल्कि यह नई पीढ़ी को प्रेरित करने, सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने का एक प्रयास भी था। इस तरह के आयोजन न केवल शैक्षणिक माहौल को समृद्ध करते हैं, बल्कि छात्रों के भीतर एक नई ऊर्जा और उद्देश्य का संचार भी करते हैं। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से उपस्थित सभी लोगों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव बन गया।

## धनबाद में अचानक ओलावृष्टि से सफेद हुई कोयलांचल की धरती

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली और शहर में तेज बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। देखते ही देखते सड़कों, छतों और मैदानों पर सफेद बर्फ की चादर बिछ गई। जिससे पूरा शहर मानो बर्फ से ढक गया हो। खासकर रणधीर वर्मा चौक का नजारा इतना मनमोहक हो गया कि लोगों ने इसे कश्मीर जैसा दृश्य करार दिया। अचानक बदले मौसम ने लोगों को चौंका दिया। दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बर्फबारी शुरू हो गई। अचानक बड़े-बड़े बर्फ का टुकड़ा गिरने से जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित हो गया। सड़कों पर आवाजाही धीमी पड़ गई और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। ओलावृष्टि के बाद रणधीर वर्मा चौक समेत कई इलाकों में सफेद परत जम गई। जिसने पूरे इलाके को एक अलग ही रूप दे दिया। बच्चों और युवाओं ने इस अनोखे मौसम का जमकर आनंद लिया। कई लोग सड़कों पर निकलकर ओलों के साथ तस्वीरें और वीडियो बनाते दिखे, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। हालांकि इस ओलावृष्टि से कुछ जगहों पर नुकसान की भी खबर है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com